इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
- डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
- प्रोस्टेट एवं पथरी का इलाज दूरबिन पद्धति द्वारा
- आयुष्मान कार्ड द्वारा निः शुल्क ईलाज

बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) मो.नं.- 9301033013

वर्ष- 43 अंक -297 राजनांदगांव, रविवार 15 सितंबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## हाथ जोड़कर मनाती रहीं ममता, डॉक्टरों की लाइव स्ट्रीमिंग की शर्त की वजह से फिर टल गई बैठक

### 'आप इस तरह मेरा अपमान नहीं कर सकते', डॉक्टरों के साथ बैठक में बोलीं ममता बनर्जी

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज का मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले पर विरोध प्रदर्शन कर रहे जूनियर डॉक्टरों अपनी मांगों को लेकर सीएम ममता बनर्जी के साथ बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। डॉक्टर बैठक की वीडियो ग्राफी और लाइव स्ट्रीमिंग करवाने की मांग कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने डॉक्टरों से बातचीत की और उन्हें समझाया। ममता ने डॉक्टरों से कहा, आप इस तरह मेरा अपमान नहीं कर सकते, हम बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग करेंगे, लेकिन स्ट से मंजूरी के बाद ही हम आपको वो उपलब्ध कराएंगे।



#### लाइव स्ट्रीमिंग की अनुमति नहीं दे सकते

मुलाकात के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चिकित्सकों से कहा, आरजी कर गतिरोध खत्म होने के लिए कई दिनों से बैठक का इंतजार कर रही हूं। उन्होंने कहा, आरजी कर मुद्दा अदालत के समक्ष है, हम लाइव स्ट्रीमिंग की अनुमति नहीं दे सकते। ममता ने आगे कहा, बैठक की वीडियो-रिकॉर्डिंग करेंगे, सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बाद इसे आपको प्रदान करेंगे।

#### लाइव स्ट्रीमिंग पर अड़े जूनियर डॉक्टर अर्नब मुखर्जी?

सीएम ममता बनर्जी से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे जूनियर डॉक्टरों में से एक डॉ अर्नब मुखर्जी कहते हैं, %हमने इस बैठक की लाइव स्ट्रीमिंग के लिए अनुरोध किया। मुख्य सचिव ने कहा कि लाइव स्ट्रीमिंग संभव नहीं है। हमने मुख्य सचिव से कहा कि हम लाइव स्ट्रीमिंग चाहते हैं ताकि पारदर्शिता बनी रहे। हमने यह भी कहा कि कृपया हमारे वीडियोग्राफर पर विचार करें ताकि वह बैठक को रिकॉर्ड कर सके और उन्होंने कहा कि यह सुरक्षा कारणों से है। हम लाइव स्ट्रीमिंग चाहते हैं ताकि इस चर्चा और बैठक की उचित पारदर्शिता बनी रहे और विरोध स्थल पर मौजूद अन्य जूनियर डॉक्टर भी जान सकें कि इस बैठक में क्या हुआ, इसलिए हम अपनी इच्छानुसार सीएम आवास के मुख्य द्वार के सामने लाइव स्ट्रीमिंग का इंतजार कर रहे हैं।

#### हमने राज्य सरकार को एक मेल भेजा है

इस मुलाकात के बाद उनमें से एक जूनियर डॉक्टर ने कहा, हम गतिरोध को हल करने के लिए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चीनी कंपनी में लगा रहीं पैसे... सेबी चीफ पर कांग्रेस ने लगाया आरोप





नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को सेबी प्रमुख माधबी पुरी-बुच के खिलाफ हितों के टकराव के नए आरोप लगाए है। इसके साथ ही उन पर पड़ोसी देश के साथ बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच चीनी कंपनियों सहित भारत के बाहर निवेश करने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने बुच पर अप्रकाशित संवेदनशील जानकारी के कब्जे में रहते हुए लिस्टेड सिक्योरिटीज में ट्रेडिंग करने का भी आरोप लगाया। माधबी बुच और उनके पति धवल ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर सभी आरोपों को पूरी तरह से झूठा, दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक कहा था।

#### पीएम मोदी को निवेश की जानकारी है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फिर सवाल पूछते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि क्या प्रधानमंत्री को पता है कि माधवी पुरी बुच ने भारत के बाहर हाई वैल्यू का निवेश किया है? यदि हां, तो निवेश की तारीख और प्रकटीकरण की तारीख क्या है? उन्होंने कहा कि क्या प्रधानमंत्री को पता है कि सेबी अध्यक्ष ऐसे समय में चीनी फर्मों में निवेश कर रहे हैं जब भारत चीन के साथ भू-राजनीतिक तनाव का सामना कर रहा है?

#### अगोरा एडवाइजरी में हिस्सेदारी पर थी सफाई

इससे पहले शुक्रवार को बुच के बयान में उन आरोपों का भी खंडन किया गया कि उनके पास अगोरा एडवाइजरी प्राइवेट में 99 प्रतिशत हिस्सेदारी की बात कही गई थी। ये फर्म में महिंद्रा एंड महिंद्रा, डॉ रेड्डीज और पिडिलाइट सहित अन्य को कंसल्टिंग सर्विसेज देती है। इसमें कहा गया है कि धवल को एमएंडएम समूह से 4.78 करोड़ रुपये की इनकम प्राप्त हुई, जबकि सेबी प्रमुख समूह के मामलों में मध्यस्थता कर रहे थे। माधबी और धवल के बयान में कहा गया है कि सेबी में शामिल होने के बाद माधबी ने कभी भी अगोरा एडवाइजरी, अगोरा पार्टनर्स, महिंद्रा समूह, टाइम्स ऑफ इंडिया पिडिलाइट, डॉ रेड्डीज, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीतारमण से कारोबारी ने माफी मांगी: जीएसटी पर सवाल पूछा था, बीजेपी ने हाथ जोड़े हुए वीडियो पोस्ट किया, राहुल बोले- यह अपमान

कोयंबटूर। अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट के मालिक श्रीनिवासन का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से माफी मांगने का वीडियो सामने आया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से रेस्टोरेंट मालिक के माफी मांगने पर विवाद बढ़ता जा रहा है। 11 सितंबर को कोयंबटूर में एक प्रोग्राम में होटल मालिक श्रीनिवासन ने वित्त मंत्री से जीएसटी की वजह से आ रही दिक्कतों पर सवाल किया था। साथ ही उन्होंने मिठाई और नमकीन पर एक समान जीएसटी लगाने की अपील की थी।





इसके कुछ देर बाद एक वीडियो सामने आया, जिसमें वित्त मंत्री से होटल मालिक माफी मांग रहे थे। श्रीनिवासन को वीडियो में यह कहते हुए सुना गया कि मुझे मेरी बातों के लिए माफ कर दीजिए। मैं किसी राजनीतिक दल से नहीं हूं। इस मामले में विपक्षी नेता वित्त मंत्री की आलोचना कर रहे हैं।

#### जीएसटी को लेकर वित्त मंत्री से होटल मालिक का सवाल

तमिलनाडु के कोयंबटूर में 11 सितंबर को वित्तमंत्री ने होटल व्यवसायियों के साथ बैठक की। इसमें मशहूर होटल चेन श्री अन्नपूर्णा के मालिक श्रीनिवासन भी शामिल हुए थे। उन्होंने वित्त मंत्री से खाने वाले सामानों पर लग रही अलग-अलग जीएसटी दरों पर चिंता जताई। श्रीनिवासन ने कहा कि क्रीम से भरे बन पर 18 प्रतिशत टैक्स लगता है, जबकि सादे बन पर जीएसटी नहीं लगता है। कस्टमर कहते हैं कि आप सादा बन दीजिए, हम क्रीम खुद भर लेंगे। श्रीनिवासन ने यह भी कहा, 'सरकार ने मिठाइयों पर 5 प्रतिशत और नमकीन पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाया है, क्योंकि उत्तर में लोग मिठाइयां ज्यादा खाते हैं। तमिलनाडु में अक्सर मिठाई, नमकीन और कॉफी का सेवन एकसाथ किया जाता है। केंद्र को इन चीजों पर एक समान जीएसटी दर लागू करना चाहिए।' श्रीनिवासन की बातें सुनकर कार्यक्रम में मौजूद सभी लोग हंस पड़े। इस दौरान वित्त मंत्री भी मुस्कुराती नजर आईं और उन्होंने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया।

#### प्रोग्राम के बाद वित्त मंत्री से माफी मांगते दिखे श्रीनिवासन

11 सितंबर को ही तमिलनाडु भाजपा ने श्रीनिवासन का एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें वे वित्त मंत्री के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगते दिखे। उन्होंने बताया कि वे किसी राजनीतिक दल से नहीं हैं और सवाल पूछने के लिए माफी मांगी। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद तमिलनाडु भाजपा ने वीडियो डिलीट कर दिया।

#### राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की आलोचना की

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लिखा, 'जब छोटे व्यवसाय के मालिक जीएसटी व्यवस्था को सरल करने की मांग करते हैं, तो उनका अनादर किया जाता है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## हिंदी दिवस पर सीएम साय का बड़ा ऐलान : शासकीय मेडिकल कॉलेज में हिंदी में भी होगी पढ़ाई, इसी सत्र से होगी शुरुआत



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हिंदी दिवस पर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि, अब राज्य के शासकीय मेडिकल कॉलेज में हिंदी में भी पढ़ाई होगी। जहां इसी सत्र से मेडिकल कॉलेज में हिंदी पुस्तकों का वितरण शुरू होगा। हिंदी में चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने से ग्रामीण अंचल के छात्रों को इसका फायदा मिलेगा।

## रिटायरमेंट के एक साल पहले नहीं होगा ट्रांसफर

### राज्य शासन के आदेश पर रोक

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ में विभिन्न विभागों में काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के लिए एक खुशखबरी हैं। दरअसल बिलासपुर हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए कहा है की यदि किसी अधिकारी और कर्मचारी का रिटायरमेंट में एक साल बाकी है, तो उनका ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने कोरबा नगर निगम के इंजीनियर अरुण शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया है।



यह मामला कोरबा नगर निगम का है। जहां के इंजीनियर अरुण शर्मा के रिटायरमेंट में पांच महीने का समय बचा है। शासन द्वारा तय पालिसी का हवाला देते हुए इंजीनियर ने याचिका दायर की थी। विभिन्न विभागों के लिए थोक में तबादला आदेश जारी किया जा रहा है। यहां ईई के पद पर पदस्थ इंजीनियर अरुण शर्मा का तबादला भी बिलासपुर नगर निगम के कर दिया गया है। जिसे चुनौती देते हुए उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

#### रिटायरमेंट के एक साल पहले नहीं होगा ट्रांसफर


नगरीय प्रशासन विभाग के किए गए तबादले को चुनौती देते हुए इंजीनियर शर्मा ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में कहा है कि सरकारी कर्मचारियों के लिए बनाए गई तबादला नीति में साफ उल्लेख है कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी के रिटायरमेंट में एक साल की अवधि शेष है तो उनका कहीं और ट्रांसफर नहीं किया जाएगा। याचिकाकर्ता ने बताया कि उनके रिटायरमेंट में पांच महीने का ही समय बाकी है। यह जानते हुए भी विभागीय अफसरों ने तबादला कर दिया है।

#### ट्रांसफर आदेश पर रोक

मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने राज्य शासन के द्वारा जारी ट्रांसफर आदेश पर रोक लगा दी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भाजपा जम्मू-कश्मीर को आतंक मुक्त बनायेगी - मोदी

जम्मू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जम्मू-कश्मीर को आतंक मुक्त बनायेगी और आगामी विधानसभा चुनाव यहां का भविष्य तय करेंगे।



श्री मोदी ने डोडा जिले में आज जनसभा को संबोधित करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, अपनी दुकानें चलाने के लिए नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस ने पिछले सात दशकों से जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद को बढ़ावा दिया। विदेशी ताकतों के लिए आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर एक आंख की किरकिरी बन गया, जिसके कारण साजिशें रची गयी। उन्होंने कहा, परिवार के वंश ने शासन किया और जम्मू-कश्मीर को बर्बाद कर दिया। कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी जैसी पार्टियां कभी भी जम्मू-कश्मीर के लोगों को सशक्त नहीं बनाना चाहती थीं, लेकिन भाजपा ने चुनावों के जरिए पंचायतों को मजबूत करके जमीनी स्तर पर लोकतंत्र सुनिश्चित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, अट्ठारह सितंबर से शुरू होने वाला आगामी विधानसभा चुनाव जम्मू-कश्मीर के युवाओं और तीन पार्टियों के बीच सीधा मुकाबला है। किश्तवाड़ से भाजपा उम्मीदवार शगुन परिहार ने अपने माता-पिता दोनों को खो दिया क्योंकि उन्हें आतंकवादियों ने मार डाला था। हमने उन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया और वह आतंकवाद के खिलाफ हमारा हथियार हैं। उन्होंने दोहराया कि भाजपा जम्मू-कश्मीर को आतंक मुक्त बनायेगी तथा भाजपा ही इसे राज्य का दर्जा बहाल करेगी।

## बारामूला मुठभेड़ : सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों को मार गिराया, जिनमें से दो के पाकिस्तानी होने का संदेह है।



सेना ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर यह अभियान ÷काफी महत्वपूर्ण÷ है। यह अभियान कश्मीर घाटी में शांति भंग करने के उद्देश्य से पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को विफल करने में सुरक्षा बलों की एक बड़ी सफलता को दर्शाता है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर एक दशक में बाद बार विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। केंद्र शासित प्रदेश में 18 सितंबर से शुरू होने वाले विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होंगे।

सेना की 10 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडर ब्रिगेडियर संजय कन्नोथ ने उत्तरी कश्मीर में अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से उन्हें बारामूला जिले के क्रेरी के सामान्य इलाके में अज्ञात आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में जानकारी मिल रही थी। उन्होंने कहा, ÷कल, हमें खुफिया एजेंसियों से चेक टप्पर के सामान्य इलाके में कुछ अज्ञात आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में विशिष्ट खुफिया जानकारी मिली थी। तदनुसार सेना, जम्मू- कश्मीर पुलिस, एसओजी (विशेष अभियान समूह) और एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) की एक संयुक्त टीम को 22.15 बजे जुटाया गया था। इस दौरान ब्रिगेडियर कन्नोथ के साथ बारामूला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहम्मद जैद भी मौजूद थे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बदले गए बस्तर और सुकमा के कलेक्टर

रायपुर (दावा)। बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम को राज्य सरकार ने हटा दिया है। कलेक्टर कान्फ्रेंस के दौरान बस्तर कलेक्टर के कामकाज को लेकर सरकार नाराज चल रही थी। विजय दयाराम को मुख्य कार्यपालन अधिकारी राज्य कौशल विकास अभिकरण बनाया गया है। वही सुकमा कलेक्टर हरीश एस को बस्तर का नया कलेक्टर बनाया गया है।जबकि देवेश कुमार ध्रुव को सुकमा जिले का नया कलेक्टर बनाया गया है। जानकारी के मुताबिक कलेक्टर कान्फ्रेंस के दौरान विजय दयाराम के कामकाज को लेकर सरकार ने नाराजगी जताई थी। विभाग वार हुई समीक्षा के दौरान भी जिले का परफॉर्मेंस काफी खराब दिखा था। जिसके बाद राज्य सरकार ने कांफ्रेंस के एक दिन बाद ही बस्तर कलेक्टर की रवानगी कर दी है।

अशोका आई.टी.आई.
ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS RAJNANDGAON
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
स्टेनो 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
इलेक्ट्रीशियन 10 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
वॉयरमैन 8 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
अशोका डिग्री कॉलेज
B.A. | B.COM | PGDCA
8319493983, 7000629783, 8602502398
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास,जी.ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | ashokaiti2019@gmail.com

## राज्यपाल से डॉ. मांडवी सिंह ने की सौजन्य भेंट



रायपुर(दावा)। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में भारतखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति एवं इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ के पूर्व कुलपति डॉ. मांडवी सिंह ने सौजन्य भेट की। डॉ. मांडवी सिंह ने राज्यपाल से भारतखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ में संचालित कला, संगीत और नृत्य की शिक्षा के संबंध में चर्चा की। उन्होंने क्लासिकल डांस कत्थक के संबंध में राज्यपाल को जानकारी दी।

## सीबीआई ने संदीप घोष और एक पुलिसकर्मी को किया गिरफ्तार; ममता बनर्जी और डॉक्टरों की बैठक विफल

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर कॉलेज-अस्पताल के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और ताला थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल को गिरफ्तार किया है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक दोनों की गिरफ्तारी वित्तीय अनियमितता मामले में हुई है। उधर, सीएम आवास पर पहुंचे डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल और मुख्यमंत्री की बैठक विफल रही। बैठक में मुख्य सचिव और डीजीपी जैसे आला अधिकारी भी मौजूद रहे।



सीबीआई ने संदीप घोष और पुलिसकर्मी को किया गिरफ्तार

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और एक पुलिसकर्मी को प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या मामले में गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

जूनियर डॉक्टरों और मुख्यमंत्री के बीच एक और बैठक विफल

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या के मामले को लेकर आज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और जूनियर डॉक्टरों के बीच एक और बैठक विफल हो गई। यह बैठक मुख्यमंत्री के आवास पर आयोजित की गई थी। जूनियर डॉक्टरों ने बैठक की लाइव स्ट्रीमिंग की मांग की। लेकिन मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि मामला न्यायिक प्रक्रिया में है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

पटेल इलेक्ट्रिकल्स एंड सोलर
PATEL ELECTRICALS & SOLAR
हमारी सेवाएं
रेसिडेंशियल कमर्शियल होटल, हॉस्पिटल पेट्रोल पम्प
सभी जगहों में सोलर रूफटॉप लगाया जाता है
सब्सिडी एवं फाइनेंस सुविधाएं उपलब्ध
अब दिल नहीं बिजली बिल छोटा कीजिये
8889999485, 9201681616
मोतीनाथ मंदिर भरकापारा राजनांदगांव 491441

# मां बम्लेश्वरी आदिवासियों की मूल आराध्य देवी

## बम्लेश्वरी ट्रस्ट में आदिवासी ट्रस्टी रखने की मांग... सौंपा गया ज्ञापन

राजनांदगांव(दावा)। जिले के डोंगरगढ़ स्थित पहाड़ों वाली देवी मां बम्लेश्वरी को आदिवासियों की मूल आराध्य देवी कहा गया है। इस संबंध में सर्व आदिवासी समाज जिला ईकाई द्वारा धरना देकर तथा रैली निकालकर जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचा गया और वहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा गया।



### आदिवासी युवक टाकेश्वर की मौत के दोषियों पर कार्रवाई की मांग

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय व राज्यपाल के नाम सौपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि चूंकि मां बम्लेश्वरी देवी गोड. आदिवासियों की सदियों से मूल आराध्य देवी है तथा उनकी पूजा-अर्चना जमाने से उइके परिवार के गोड बैगा द्वारा की जाती रही है। अतः मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट में 50 फीसदी आदिवासी ट्रस्टी आवश्यक रूप से रखे जाए।

सर्व आदिवासी समाज द्वारा कहा गया है कि विगत 11 जून को इस संबंध में उनसे मांग की जा चुकी है। इसके बाद भी उनकी मांगों पर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है। आदिवासी समाज द्वारा उक्त ज्ञापन संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी अधिकार दिवस के दिन सौंपा गया।

**टाकेश्वर की मौत**

बता दे कि बीते दिनों डोंगरगढ़ क्षेत्र के ग्राम बेलगांव में एक आदिवासी युवक टाकेश्वर कंवर की मौत हो गई थी। उसकी मौत का जिम्मेदार पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारियों को ठहराते हुए सर्व आदिवासी समाज द्वारा उसके दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

इसके अलावा समाज द्वारा बोरतलाब में स्वीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कुछ कर्मचारियों के डोंगरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सेवाए देने को लेकर कहा गया है कि जब तक बोरतलाब में कम्यूनिटी हेल्थ सेन्टर नहीं बन जाती तब तक अस्थाई रूप से आदिवासी गोड समाज के भवन में स्वास्थ्य सेवाए शुरू की जाए। समाज द्वारा ज्ञापन में मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को आदिवासी समाज की प्रदेश स्तर की समस्याओं की ओर भी ध्यान आत्कृष्ट किया गया है।

# सांसद संतोष पांडे द्वारा शहर की मनोहारी गणेश प्रतिमाएं एवं झांकियों का किया गया दर्शन

## आज रविवार की सुबह सांसद कार्यालय में सांसद जी रहेंगे उपस्थित




राजनांदगांव (दावा)। जिले के सांसद संतोष पांडे जी का शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र का दौरा कार्यक्रम रहा। इस दौरान श्री पांडे ने संस्कारधानी नगरी की ऐतिहासिक एवं गौरवशाली गणेशोत्सव परम्परा का अंग बनते हुए शहर के आकर्षक पंडालों में विराजे एक से बढ़ कर एक मनोहारी गणेश प्रतिमाएं व स्थल सजावट झांकियों का घूम-घूम कर नजारा देखा और भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना में शामिल होकर ऋद्धि-सिद्धी प्रदाता भगवान गणेश से शहरवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की दुआएं मांगी।

इस दौरान श्री पांडे के साथ बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं की मौजुदगी रही। सांसद प्रतिनिधि देवशण सेन ने बताया कि सांसद पांडे का शनिवार 14 सितम्बर को उनके लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव का दौरा कार्यक्रम रहा। श्री पांडे जी प्रातः 9 बजे कवर्धा से डोगरिया कला (पांडातराई) के लिए प्रस्थान किए तत्पश्चात जलेश्वर महादेव घाट (डोंगरियाकला) के कार्यक्रम शिरकत की। इसके बाद पुनः 11.30 बजे अपने कवर्धा स्थित निवास स्थान में विश्राम कर कालेज ग्राउण्ड में आयोजित चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के अधिवेश कार्यक्रम में भाग लिए उसके बाद शाम 6.30 बजे उनका कार द्वारा राजनांदगांव आगमन हुआ। वे संस्कारधानी की गौरवशाली गणेशोत्सव परम्परा का अंग बनते हुए यहां स्थापित मनोहारी गणेश प्रतिमाओं सहित स्थल सजावट झाकियों का दर्शन किए व पूजा-अर्चना कार्यक्रम में भाग लिया। श्री सेन ने बताया कि शनिवार की रात्रि 9 बजे उनका रात्रि विश्राम सिविल लाइन स्थित सांसद कार्यालय में रहा। यहां वे रविवार की सुबह लोगों का हालचाल जानने उनसे मिलेंगे।

सांसद श्री पांडे के श्री गणेश प्रतिमा दर्शन के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, शिव वर्मा, आलोक श्रोती, बलवंत साव, शेखर यादव, राजेश यादव, राहुल अग्रवाल, नादान सेन, अर्जुन पुरोहित आंसू, विजय जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### आज श्री सेवा समिति, स्टेडियम चौक में होगा गणपति जी का अभिषेक



राजनांदगांव (दावा)। श्री सेवा समिति स्टेडियम चौक सहदेव नगर राजनांदगांव द्वारा प्रतिवर्ष भव्य गणेश पंडाल का निर्माण कराया जाता है और पूरे विधि-विधान से गणेश जी की पूजा अर्चना की जाती है इस वर्ष भी समिति द्वारा विशाल गणेश पंडाल का निर्माण कराया गया है जिसमें केदारनाथ धाम में वर्ष 2013 में आए विनाशकारी प्रलय की थीम पर पंडाल में झांकी का निर्माण किया गया है और गणेश पंडाल का निर्माण पर्यावरण बचाओ अभियान को महत्व देते हुए जंगल थीम पर बनाया गया है। आज दिनांक 15 सितंबर को सुबह 11:00 बजे समिति द्वारा गणपति जी का अभिषेक पूजन बड़े रुप में कराने का निर्णय लिया गया है जिसमें समिति के सभी सदस्य अपने पूरे परिवार के साथ का अभिषेक पूजन में सम्मिलित होंगे, समिति के सभी सदस्यों ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं को इस अभिषेक पूजन में सम्मिलित होने का निवेदन किया है।

### ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में आज रक्तदान शिविर

राजनांदगांव (दावा)। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में आज मुस्लिम युवा संगठन एवं रक्तदान के क्षेत्र में अग्रणी यूनुस ब्लड ग्रुप के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से रक्तदान करते हुए जरूरतमंदों के लिए जीवन दान का संदेश दिया जाएगा। ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष में आयोजित की जा रही इस रक्तदान शिविर के लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों युवाओं के अलावा अन्य समाज के युवाओं ने भी रक्तदान करने अपना नाम लिखवाया है। दुनियां में अमन और शांति का पैगाम देने वाले पैगम्बर हजरत मोहम्मद के जन्म दिवस के अवसर पर जाति, धर्म, मजहब से परे इंसानियत का धर्म निभाने रक्तदान देकर जीवन दान का संदेश देने के लिए युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। आज 15 सितंबर रविवार को मुस्लिम जमात खाना जूनी हटरी में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

### उद्योगपति सूर्यकांत गुप्ता का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय राजाराम मेज प्रोडक्ट के संचालक सूर्यकांत गुप्ता उम्र 79 का आकस्मिक निधन 14 सितंबर की सुबह 12 बजे के लगभग हो गया। इनकी अंतिम यात्रा निज निवास लालबाग से 16 सितंबर सोमवार की सुबह 10.30 बजे लखोली मुक्तिधाम जायेगी। श्री गुप्ता के एक सुपुत्र नितिन गुप्ता एवं एक सुपुत्री निधि अग्रवाल का भरपूर परिवार छोड़ इस दुनिया से विदा लिए।

# मानव मंदिर चौक में महाकाल का पोस्टर फटा, हिन्दू संगठन में आक्रोश



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय मानव मंदिर चौक में लगे महाकाल पोस्टर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फाड़ा गया। महाकाल के भक्तों को इसकी जानकारी मिलते ही सभी मानव मंदिर चौक पर एकत्रित होकर इस घटना का विरोध किया और हो-हल्ला होते ही मामले को काबू में लाने सीएसपी पुष्पेंद्र नायक, कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू सहित दल-बल के साथ पहुंचे। पुलिस ने काफी मशक्कत बाद लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। बताया जा रहा है कि अब वहां किसी प्रकार सजावट नहीं होगी। फाड़े गए पोस्टर के स्थान पर नया पोस्टर लगाया जाएगा। उक्त घटना के विरोध में महाकाल सेवक पवन डागा, राजू डागा, राजा माखीजा, संजय भाई, बजरंग दल, विहिप के अरुण गुप्ता, बाबा जी आदि सहित बड़ी संख्या में हिन्दू संगठन के लोग उपस्थित थे।

# रॉयल किड्स कान्वेंट में मनाया गया हिंदी दिवस



राजनांदगांव (दावा)। उत्कृष्ट शिक्षा और संस्कृति के लिए जानी जाने वाली प्रतिष्ठित संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट में धूमधाम से मनाया गया हिंदी दिवस।

इस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में कविता पाठ, भाषण, श्रुतिलेख, हिंदी भाषा में व्याख्यान जैसे कार्यक्रम शामिल थे, कार्यक्रम में शाला के बाल वाटिका, प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शाला के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आकर्षक प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शाला के प्रशासक संजय बहादुर सिंह ने हिंदी दिवस के महत्व के बारे में यह बताया कि इस दिन को हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और आदर प्रकट करने के लिए मनाया जाता है शाला के प्राचार्य एवं अकादमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि बच्चों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाने एवं अपनी मातृभाषा के प्रति उनका जुनून बरकरार रखने के लिए हिंदी दिवस अवश्य मनाया जाना चाहिए।

इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ.सविता जे.बी.सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह श्रीमती मनीषा सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह बरसर श्रीआई के वैष्णव एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खण्डेलवाल, श्रीमती एकता खण्डेलवाल, श्रीमती सुषमा शुक्ला, श्रीमती ममता मिश्रा, गोपाल साहू, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी।

# महापौर हेमा देशमुख ने किया प्रेस कार्यालय का उद्घाटन



राजनांदगांव (दावा)। जिला न्यायालय लगे प्यारेलाल स्कूल परिसर में आज शॉप नंबर दो में जतन चंडिका न्यूज व कलयुग का भारत के कार्यालय का शुभारंभ हुआ। शहर की प्रथम नागरिक महापौर हेमा देशमुख ने फीता काटकर उद्घाटन किया। महापौर ने गणेश जी की पूजा अर्चना के साथ श्रीगणेश किया।

कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष नीलू शर्मा, प्रदेश महिला कांग्रेस की कुसुम दुबे, गणेश पवार, गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जतन चंडिका न्यूज के संपादक मनोज राठौर विशेष सहयोगी रॉबिन राठौर साथ में कलयुग का भारत के राजनांदगांव ब्यूरो चीफ रूपेश जोशी कलयुग का भारत के मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव सुनील तिवारी ने शुभारंभ किया।

जतन चंडिका न्यूज व कलयुग का भारत के शुभारंभ अवसर पर पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष सूरज बुद्धदेव, बालू नवल, अंकित बालाजी, राजू सोनी, पप्पी भाटिया, कमल सोनी, अभिषेक यादव, योगेश साहू, महेश्वर साहू, तुलसी गौतम, नरेश यादव, नीटू ठाकुर सभी वरिष्ठ और राजनांदगांव प्रेस क्लब के सामान्य सभी साथी उपस्थित रहे।

# लखोली भाजपा शक्ति केन्द्र में सदस्यता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता में कार्य करने जनसंवाद



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के आव्हान पर चलाए जा रहे सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल के निर्देशानुसार दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी महामंत्री हकीम खान एवं शक्ति केन्द्र संयोजक अशोकादित्य श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली शक्ति केन्द्र में अभियान के संयोजक संतोष निर्मलकर ने सभी बुथ अध्यक्षों सहित कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चर्चा की और सदस्यता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेकर निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने कहा।

पार्टी के आदेशानुसार प्रत्येक कार्यकर्ता को पचास सदस्य बनाने है और एक -एक बुथ में दो सौ सदस्य बनाना है। इसके लिए हर कार्यकर्ता पदाधिकारी और निर्वाचित जनप्रतिनिधि बुथ स्तर पर पहुंच कर संवाद स्थापित करके भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवा रहे हैं। इस अभियान को सफल बनाने में लखोली शक्ति के बुथ अध्यक्षों डिलेश्वर साहू, संतोष गुप्ता, शत्रुहन साहू, संतोष साहू, श्रीमती चंद्रिका साहू, शिवेंद्र वैष्णव एवं विनोद कुमार कश्यप सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

# युगांतर में हिंदी दिवस मनाया गया




राजनांदगांव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में हिंदी विभाग के द्वारा हिंदी दिवस समारोह का शानदार आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने काव्य पाठ और उद्बोधन के जरिए हिंदी की महत्ता को बताई। इसी तरह हिंदी साहित्य के इतिहास की लाइव प्रस्तुति ने हिंदी दिवस के समारोह को यादगार बना दिया। समारोह दो पालियो में आयोजित हुआ।

प्रथम पाली में कक्षा 6वीं से बारहवी तक तथा द्वितीय पाली में कक्षा पहली से पाँचवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने हिंदी की उपयोगिता बताते हुए कहा कि हिंदी शिक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने भारतेंदु हरिश्चन्द्र के कथन निज 'भाषा उन्नति अहै सब भाषाओं को मूल' को प्रभावकारी रूपों समझाकर आयोजन में चार चाँद लगा दिए। भाषण और कविता भाषा भावों को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम बनी। विद्यार्थी इस तरह के रचनात्मक आयोजन में भाग लेकर अपनी अभिव्यक्ति की क्षमता को विकसित किए। अंग्रेजी माध्यम का विद्यालय होने के बावजूद युगांतर हिंदी दिवस मनाकर राष्ट्र भाषा के अपने दायित्व का निर्वहन किया। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य डॉ.मधु पी.चौधरी, हिंदी विभागाध्यक्ष वी. एन. राय के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सराहनीय कार्य किया।

विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि हिंदी जन-जन की भाषा है। इसे रसानुभूति करते हुए विद्यार्थियों को सीखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने भी इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए हिंदी विभाग को बधाई दी। समारोह को सफल बनाने में संगीत, नृत्य, कला विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं का अविस्मरणीय सहयोग प्राप्त हुआ।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 13 से भव्य शुभारंभ रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
कुंवर सिंह भार्गव फिल्मस् कृत
कॉलेज लाइफ
(कहानी मया के)
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - टी आर भार्गव, पुनम चन्द्राकर हरिशंकर भार्गव, एस. आर. भार्गव, हेमलता साहू, अनिल हरिहारनो आदि।



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




# अवैध शराब ब्रिकी मामले में दो दिन मे कुल 15 प्रकरणों में 16 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब, 36 पौवा अंग्रेजी शराब, 56 पौवा देशी प्लेन शराब जप्त



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के मामले में दो दिनों में आबकारी एक्ट के तहत कुल15 प्रकरणों में 16 आरोपियों को धर दबोचा है और उनसे बड़ी मात्रा में अवैध शराब सहित शराब बिक्री रकम 370 रूपये व एक नग मोटर सायकल सहित एक मोबाईल जप्त की है। इस पुलिस ने प्रकार कुल 15 प्रकरणों में जुमला मसरूका 20,820 रूपये जप्त की है।

बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था जिसके तहत 13 एवं 14 सितंबर को दो दिनों में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से 17 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1530 रूपये बिक्री रकम 250/- रूपये जप्त, 36(च) के 01 प्रकरण में 1 आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही की गई। थाना बोरतलाव पुलिस द्वारा 34(2) के प्रकरण में 02 आरोपी के एक पास से 12 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित महुआ शराब कीमती 3200/- रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर साईकल हिरोहोण्डा कीमती करीबन 10000 रूपये एवं नारजों कम्पनी को 1 नग मोबाईल कीमती 3000 रूपये जुमला कीमती 16200 रूपये जप्त, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से 19 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1710 रूपये बिक्री रकम 120 रूपये जप्त, थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से 36 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 4680 रूपये बिक्री रकम 200 रूपये जप्त, 36 (च) के 04 प्रकरण में 04 आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही एवं 10 आदतन शराब कोचियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 36(च) के 03 प्रकरण में 3 आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई। ओ.पी. मोहारा पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 1800 रूपये जप्त एवं 36(च) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 36(च) के 04 प्रकरण में 04 आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही, ओ.पी. चिखली पुलिस द्वारा 36(च) के 01 प्रकरण में 01 आरोपी के विरूद्ध की गई कार्यवाही। इस प्रकार जिले में कुल 34(2) के 02 प्रकरण में 03 आरोपी के पास से 12 लीटर महुआ शराब कीमती 3200 रु. एवं 36 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 4680 जप्त, 34(1) के 03 प्रकरण में 03 आरोपी के पास से 56 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 4320 रु. जप्त एवं बिक्री रकम 370 रूपये एवं 01 नग मोटरसायकल कीमती 10000 रूपये एवं 1 नग मोबाईल कीमती 3000 रूपये जप्त इस प्रकार कुल 15 प्रकरणों में 16 आरोपियों के पास से जुमला मसरूका 20,820 रूपये जप्त की गई है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

128-1 356-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# अनंत चर्तुदशी पर 17 को मटन मार्केट बंद

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन के निर्देशानुसार अनंत चर्तुदशी एवं पर्युषण पर्व के अंतिम दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 17 सितम्बर दिन मंगलवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग से कहा है कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

# गणेश विसर्जन के दौरान ध्वनि प्रदूषण के दृष्टिगत न्यायालय के निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक - कलेक्टर



○ ध्वनि प्रदूषण का बच्चों एवं बुजुर्गों पर पड़ता है हानिकारक प्रभाव
○ झांकी निकालने वाले सभी गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारी देंगे शपथ पत्र
○ 55 डेसीबल से अधिक ध्वनि होने पर न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए गाड़ी की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गणेश विसर्जन के मद्देनजर गणेशोत्सव समिति, शहर के विभिन्न गणेश पंडाल से निकलने वाली झांकी के सदस्य, डीजे एवं साऊण्ड सिस्टम संचालकों की बैठक ली। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि राजनांदगांव जिला हॉकी और झांकी के लिए प्रसिद्ध है और लगभग 86 वर्ष पहले से यहां झांकी की परंपरा एवं संस्कृति रही है। उन्होंने कहा कि ध्वनि प्रदूषण के दृष्टिगत उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक है। आदेश में यह स्पष्ट है कि डीजे के माध्यम से अत्यधिक ध्वनि होने पर आम जनता को परेशानी होती है, जिसके लिए उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय ने संज्ञान लिया है। विभिन्न राज्यों में ध्वनि प्रदूषण के कारण मृत्यु हुई है। बच्चों एवं बुजुर्गों पर इसका हानिकारक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि आम जनता से भी झांकी के दौरान बजाए जाने वाले डीजे के दुष्प्रभाव के संबंध में फीडबैक प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करना हम सभी का दायित्व है। निर्देशों के अनुरूप 55 डेसीबल से अधिक ध्वनि नहीं होनी चाहिए। इससे अधिक होने पर उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय की अवमानना का प्रकरण बनने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए दो माह पहले से ही लगातार बैठक ली जा रही है। हमें आम जनता की भावना का सम्मान करते हुए न्यायालय के निर्देशों का पालन करना होगा। कलेक्टर ने कहा कि झांकी निकालने वाले सभी गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारी शपथ पत्र देंगे कि न्यायालय के निर्देशों का पालन करेंगे। डीजे नहीं लगाने वाली झांकी भी अनुमति प्राप्त करेंगे।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि राजनांदगांव शहर हमारा है तथा यहां हॉकी और झांकी की परंपरा आजादी के पहले से चली आ रही है। देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक ने जनसामान्य को आजादी के लिए प्रेरित करने हेतु गणेश की झांकी प्रारंभ की थी। लेकिन पिछले कुछ समय से डीजे, लाऊडस्पीकर, साऊण्ड सिस्टम से ध्वनि प्रदूषण की समस्या बढ़ी है। डीजे, एम्पलीफायर एवं बुफर से आम जनता को तकलीफ होती है। उन्होंने कहा कि शहर के लिए परंपरा हमें ही बनानी है। गणेश झांकी के दौरान उतनी ही ध्वनि होनी चाहिए, जिससे आम नागरिक को दिक्कत नहीं हो। जनसामान्य की यह मांग है तथा उच्चतम न्यायालय ने ध्वनि के लिए एक सीमा तय कर दी है। गणेश झांकी शहर का गौरव है और इससे लोगों का जुड़ाव है। अच्छी बातों की परंपरा बननी चाहिए और इसकी एक शुरूआत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 55 डेसीबल से अधिक ध्वनि होने पर उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए गाड़ी की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सुचारू व्यवस्था बनाने के लिए सभी डीजे संचालक नियमों के अंतर्गत रहते हुए ध्वनि के निर्धारित मापदण्ड का पालन करेंगे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने ध्वनि प्रदूषण के संबंध में उच्च न्यायालय के निर्देशों की जानकारी दी। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार वाहन पर साऊण्ड बाक्स नहीं बजे। वाहन में साऊण्ड बाक्स मिलने पर साऊण्ड बाक्स जब्त कर वाहन का रिकार्ड रखा जाये। जप्त साऊण्ड बाक्स को कलेक्टर के आदेश के बाद ही छोड़ा जाना है। द्वितीय बार पकड़े जाने पर उस वाहन का परमिट निरस्त किया जाएगा तथा उच्च न्यायालय के आदेश बिना उस वाहन को कोई भी नया परमिट जारी नहीं किया जाएगा।

नियम का उल्लंघन करते पाये जाने पर संबंधित अधिकारी पर अवमानना की कार्रवाई होगी। अवमानना कार्रवाई के संबंध में और डीजे बजने पर जप्त करने, प्रेशर हार्न अथवा मल्टी टोन हार्न लगाने पर एवं स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, कोर्ट, ऑफिस से 100 मीटर एरियल डिस्टेन्स पर लाऊडस्पीकर बजने पर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम अतुल विश्वकर्मा एवं अन्य अधिकारी तथा गणेशोत्सव समिति, शहर के विभिन्न गणेश पंडाल से निकलने वाली झांकी के सदस्य, डीजे एवं साऊण्ड सिस्टम संचालक उपस्थित थे।

## बाढ़ पीड़ित वार्ड मोहड़ में तीज महोत्सव मनाकर कांग्रेसियों ने ग्रामीणों के जख्म पर नमक छिड़का - मधु

### रोम जल रहा था, नीरो बंशी बजा रहा था, कहावत चरितार्थ



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल सहित कांग्रेसियों के द्वारा बाढ़ पीड़ित वार्ड मोहड़ में तीजा महोत्सव मनाने के कृत्य को पूर्व सांसद और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने संवेदनहीनता और बेशर्मी की पराकाष्ठा करार दिया है। उन्होंने बाढ़ पीड़ित वार्ड में तीजा त्यौहार मनाने वाले कांग्रेसी नेताओं के कृत्य को आपदा पीड़ित ग्रामीणों के जख्मों पर नमक छिड़कने का कार्य बताया है। राजनांदगांव के 15 से अधिक ग्राम बाढ़ से पीड़ित रहे, जहां रहने, सोने की परेशानी तो दूर ग्रामीणों के घरों में तीन दिन चूल्हा तक नहीं जला, जिसकी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने चिन्ता करते हुए बाढ़ पीड़ित ग्रामों का दौरा कर तत्काल राहत उपलब्ध करायी। उन्होंने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जरूरतमंदों एवं आपदा प्रभावित जनता के लिए भोजन की थाली सहित खाद्य सामग्री के पैकेट, पेयजल की आपूर्ति कराकर प्रभावितों को हुए नुकसान की भरपायी हेतु सर्वे व तत्कालिक राहत के निर्देश कलेक्टर व संबंधित अधिकारियों को दिये।

वहीं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित शहर कांग्रेस के पदाधिकारी बाढ़ पीड़ितों के क्षेत्र में तीजा उत्सव मनाकर उनकी छाती पर मूंग दलने का काम करते रहे। जिम्मेदार पदों पर बैठे कांग्रेसी नेताओं को फुर्सत नहीं थी कि एक भी बाढ़ पीड़ित वार्डो और ग्रामों में जाकर उनका दुखड़ा सुन सके। आश्चर्य है कि बाढ़ पीड़ित मोहड़ वार्ड में वे तीजा का त्यौहार कैसे मना सके हैं। कांग्रेसी और ठगेश जी ने 'रोम जल रहा था और नीरो बंशी बजा रहा था' कहावत को राजनांदगांव में चरितार्थ किया है। पूर्व सांसद ने तंज कसते हुए कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि विधानसभा और लोकसभा में राजनांदगांव की जनता द्वारा कांग्रेस को सिखाए गए सबक में कुछ कसर रह गयी है, जिसकी भरपाई वे आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में राजनांदगॉव की जनता से करवाने की तैयारी कर रहे हैं।

## अभिलाषा में आयुष द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



राजनांदगांव (दावा)। नगर में संचालित दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास केन्द्र अभिलाषा में आयुष संचालनालय रायपुर के निर्देशन में आज 14 सितंबर दिन शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जनजागरुकता शिविर में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. प्रज्ञा सक्सेना एवं डॉ. पूजा अग्रवाल राजनांदगांव द्वारा अभिलाषा के 80 से अधिक दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए मुफ़्त में दवाईयां वितरित किया गया। परीक्षण शिविर में संस्था के शिक्षक कर्मचारियों के साथ-साथ संस्था के पदाधिकारी संतोष खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल, अशोक श्रीवास्तव का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। उक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वार दिया गया।

## गणेश प्रतिमा का विर्सजन शिवनाथ नदी के पास निर्मित विर्सजन कुण्ड में ही करें - महापौर



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन के लिये प्रतिवर्ष मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में व्यापक व्यवस्था की जाती है, निगम द्वारा विसर्जन के लिये विशालकाय विसर्जन कुण्ड का निर्माण किया गया है। जिसमें गणेश, दुर्गा आदि सभी प्रतिमायें विसर्जित की जाती है, जहॉ इस वर्ष भी गणेश प्रतिमा विसर्जित की जायेगी। उक्त संबंध में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने बताया कि नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन के लिये नगर सहित मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में प्रति वर्ष व्यापक व्यवस्था किये जाते है। जिसके तहत शहर में वॉच टावर का निर्माण, चौक चौराहों में लाईट की व्यवस्था, के साथ-साथ सड़कों का पेचवर्क, साफ सफाई व पानी टैंकर रखे जाते है। साथ ही शिवनाथ नदी के चारो ओर लाईट, बेरीकेटिंग आदि व्यवस्था की जाती है। इसी कडी में प्रतिमा विसर्जन के लिये शिवनाथ नदी के पास निगम द्वारा निर्मित विसर्जन कुण्ड में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जाना है।

महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने बताया कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एन.जी.टी.) द्वारा नदी व तालाब में मुर्ति विसर्जित करना प्रतिबंधित किया गया है। उक्त बात को ध्यान में रख कर निगम द्वारा विसर्जन कुण्ड का निर्माण किया गया है। जिसमें प्रतिवर्ष सभी प्रतिमाएं विसर्जित की जाती है। उन्होंने सभी समितियों एवं गणेश प्रतिमा रखने वाले लोगों से अपील की है कि वे मुर्ति विसर्जन कुण्ड में ही करे, साथ ही पूजा के लिये टेबल लगाया गया है। जिसमें प्रतिमा रखकर पूजा की जायेगी, उसके पश्चात विसर्जन किया जायेगा तथा पूजा सामग्री विसर्जन के लिये अलग से स्थान बनाया गया है, उसमें पूजा सामग्री विसर्जित करना है। उन्होंने विसर्जन कुण्ड में प्रतिमा विसर्जित कर सहयोग करने की अपील की है।

महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिये नगर निगम द्वारा वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी कडी में शहर के भीतरी भाग में भी वृक्षारोपण किया गया है, चूँकि गणेश विसर्जन के दिन झांकी देखने शहर के अलावा बाहर से भी लोग आते है। जिससे भीड़ बहुत हो जाती है। भीड़ के कारण लगाये गये पौधे को नुकसान न हो इसका ख्याल हम सबको रखना है, क्योंकि यदि वह पौधा वृक्ष का रूप ले लेगा तो हमारा वातावरण स्वच्छ हो जायेगा। साथ ही बाहर से आये हुये लोगों की सुरक्षा का ध्यान भी हम नगरवासियों को करना है, क्योंकि झाँकी निकलने वाले रोड में भीड़ होने के कारण परेशानी होती है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुये लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका हमें ध्यान रखना है, ताकि हमारे संस्कारधानी का नाम बना रहे।

## आज अभियंता दिवस पर शहर में विविध कार्यक्रम



कलेक्टर संजय अग्रवाल होंगे मुख्य अतिथि
इंजीनियर राजशेखर मेश्राम करेंगे अध्यक्षता

राजनांदगांव (दावा)। भारतरत्न सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया की 163वीं जयंती पर अभियंता दिवस समारोह का आयोजन शहर में विविध कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर पंडित गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल होंगे जबकि अध्यक्षता छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर असोसिएशन राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष राजशेखर मेश्राम होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि इंजी. जी. डी. रामटेके कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग राजनांदगांव, इंजी. अफताब आलम कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन मोंगरा बैराज संभाग डोंगरगाँव, इंजी. ए. के. चौहान कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण संभाग राजनांदगांव, इंजी. समीर शर्मा कार्यपालन अभियंता, लोक स्वा यांत्रिकी संभाग राजनांदगांव, इंजी. बी. एन. बंजारे कार्यपालन अभियंता, लो. स्वा. यांत्रिकी (वि./यां) राजनांदगांव, इंजी. यू. के. रामटेके कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम राजनांदगांव, इंजी. ईश्वर दोनोडे कार्यपालन अभियंता, प्र.म.ग्रा.स.यो. ई. क्रं.1 राजनांदगांव, इंजी. आर. आर. खरे कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं प्र.म.ग्रा.स.यो. ई. क्रं.2 राजनांदगांव, इंजी. श्रीमती विजयलक्ष्मी बर्मन कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण विकास संभाग, मु.म.ग्रा.स.यो. राजनांदगाँव, इंजी. शिवम सोनी कार्यपालन अभियंता हाऊसिंग बोर्ड, राजनांदगांव, इंजी. इन्दूभूषण साहू कार्यपालन अभियंता, छ.ग. राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) होंगे। कार्यक्रमों की कड़ी में सुबह 10:00 बजे समता वृद्धाश्रम भोजन सेवा एवं दिव्यांग बच्चों को फल वितरण किया जाएगा। दोप. 12.00 बजे अभियंताओं द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित कर रक्त संग्रहण किया जाएगा। संध्या 7:00 बजे आयोजित मुख्य समारोह में अभियंता दिवस पर व्याख्यान माला आयोजित होगी। वहीं सेवानिवृत्त अभियंताओं का सम्मान किया जायेगा। सम्मान प्रतिभावान विद्यार्थियों का भी होगा और इसी के साथ संगीत सरिता (ऑर्केस्ट्रा) आयोजन में वातावरण को और खुशनुमा बनाएगी।

## आज गुरुद्वारा में निःशुल्क हार्ट एवं कैंसर जांच शिविर




राजनांदगांव (दावा)। लायंस 'डिस्ट्रिक्ट् 3233-सी द्वारा अनुमोदित कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत लायंस क्लब राजनांदगांव क्लब एवं गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के संयुक्त तत्वाधान में सुखमणि सत्संग सभा के सहयोग से निःशुल्क हृदय एवं कर्क जांच शिविर तथा लिपिड प्रोफाइल, ग्लाइकोसुलेटेड एचबी, जैसे जांच का निःशुल्क आयोजन किया जा रहा है। निःशुल्क रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क नंबर 98271-82417, 98261-24858, 94060-11669, 70002-16464 पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। आज 15 सितंबर रविवार समय 11 बजे से 4:30 बजे तक प्रकल्प स्थान गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा राजनांदगांव। शिविर में जांच हेतु डॉ. गौरव जैन डीएनबी मेडिसिन एमडी कार्डियोलॉजी भिलाई एवं डॉ. जसवंत जैन कैंसर रोग शल्य विशेषज्ञ द्वारा परामर्श सेवाएं दी जाएगी। इस सेवा स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने आम नागरिक से अपील की गई है। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन लायंस क्लब की ओर से अध्यक्ष, लायन तरणदीप सिंग अरोरा, सचिव लायन डॉ. गिरीश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष लायन कमल किशोर साहू प्रकल्प प्रभारी लायन डॉ.गिरीश श्रीवास्तव लायन डॉ.दीपिका पटेल द्वारा प्रयास किया गया है। लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी, सुखमणि सत्संग सभा तथा गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ लेने की अपील की गई है।

## कु.दीक्षा साहू का राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में चयन



राजनांदगांव (दावा)। 24वीं शालेय राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता दिनांक 10 सितंबर से 13 सितंबर को भिलाई नगर दुर्ग में सम्पन्न हुई टेबल टेनिस प्रतियोगिता में 19 वर्ष बालिका वर्ग समूह में दुर्ग संभाग की टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। नीरज बाजपेई इन्टरनेशनल स्कूल में कक्षा बारहवी में अध्ययनरत बालिका कुमारी दीक्षा साहू पिता राजेश साहू ने टेबल टेनिस टीम का कुशलता पूर्वक नेतृत्व किया। कुमारी दीक्षा ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान अपराजय रहते हुये अपनी टीम को विजयी बनाने के लिये महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कुमारी दीक्षा साहू का चयन राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिताओं के लिये प्रथम स्थान पर छत्तीसगढ़ की टीम के लिये किया गया है। राष्ट्रीय टीम में कुमारी दीक्षा छत्तीसगढ़ की टीम का नेतृत्व करेगी। कुमारी दीक्षा को उनकी इस कामयाबी के लिये एन.बी.आई.एस के डायरेक्टर नीरज सर प्राचार्य गांधी मैंडम, कोच संजय लालवानी सर पी.टी.आई वैष्णव सर, दिग्विजय स्टेडियम प्रभारी रणविजय प्रताप सिंह सहित ईष्ट मित्रों एवं परिजनों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रदान की है।

## शा. पूर्व माध्यमिक शाला सिंघोला में हिंदी दिवस कार्यक्रम संपन्न



हरदी (दावा)। 14 सितंबर को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघोला में हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को हिंदी दिवस के महत्व क्यों मनाया जाता है और हमारी हिंदी की विश्व में आज स्थिति है तथा हिंदी दिवस से संबंधित जानकारी प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बताया गया है साथ ही विद्यार्थियों में हिंदी दिवस के महत्व पर स्लोगन निबंध भाषण कविता वाचन का कार्यक्रम कोठारी मैडम के द्वारा करवाया गया। बच्चों को पोस्टर में हिंदी लेखन शैली सिखाया गया। प्रधान पाठक भागवत मानिकपुरी व सभी शिक्षकों ने हिंदी दिवस पर व्याख्यान दिया।

## सहकारी समिति कर्मचारी संघ के किशुन देवांगन निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



राजनांदगांव (दावा)। सहकारी समिति कर्मचारी संघ राजनांदगांव के नवीन पदाधिकारियों का निर्वाचन 13 सितंबर को सम्पन्न हुआ। किशुन देवांगन (गठुला) कर्मचारी संघ के निर्विरोध अध्यक्ष एवं प्रकाश भैसारे (सीतागोटा) सचिव पद पर निर्वाचित हुये। निर्वाचन कार्यक्रम संघ के निवृतमान अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास द्वारा नवीन निर्वाचन की घोषणा के पश्चात निर्वाचन अधिकारी रोहित लाल ड़डसेना एवं सहायक निवचिन अधिकारी अवधराम साहू एवं संदीप कुमार साहू द्वारा विधिवत निर्वाचन की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। निर्वाचन अधिकारी द्वारा विभिन्न पदों हेतु नाम आमंत्रित किये गये। उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष किशुन देवांगन (गठुला), उपाध्यक्ष जितेन्द्र चन्द्राकर (सुरगी) एवं संतोष साहू (खुर्सीटिकुल) महिला उपाध्यक्ष श्रीमती बसंती साहू (गठुला), कोषाध्यक्ष रेखाराम साहू (भानपुरी), सचिन प्रकाश भैंसारे (सीतागोटा), सहसचिव दिलीप शर्मा (दीवानभेड़ी) संगठन मंत्री श्रीमती अंजू पटेल (तुमड़ीबोर्ड) आदि शामिल है। किशुन देवांगन पूर्व में भी अविभाजित राजनांदगांव जिले के सफलतापूर्वक अध्यक्ष पद पर कार्य कर चुके है। उन्होंने निर्वाचन पश्चात समस्त कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुये कर्मचारी हित में कार्य करने हेतु करने को प्रतिबद्ध व्यक्त की है।

## डोंगरगढ़ शहर में विराजे गणपति जी



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ में विराजमान गणेश जी की प्रतिमाएं भक्तजनों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। नगर के युवा फोटोग्राफर निखिल साहू के द्वारा खींची गई फोटो इसे और आकर्षक बना रही है।



## आज व्यापमं की छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा

0 परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश पत्र में दिये केन्द्र में ही बैठने की होगी अनुमति
0 प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र लाना होगा अनिवार्य

राजनांदगांव (दावा)। छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा 2024 का आयोजन व्यापमं द्वारा आज रविवार 15 सितंबर को की जा रही है। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2:15 बजे तक जिले के 108 केन्द्रों में आयोजित है। परीक्षा के समन्वयक डॉ. अंजना ठाकुर, प्राचार्य शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय ने बताया कि छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द भर्ती परीक्षा 2024 में जिले में 30253 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा है कि परीक्षार्थी अनिवार्य रूप से परीक्षा के 01 घण्टे पूर्व परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र तथा मूल पहचान पत्र लेकर पहुंचे। परीक्षार्थियों के लिए प्रवेश पत्र के साथ मूल पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस जैसे किसी एक पहचान पत्र की मूल प्रति लाना अनिवार्य है। इसके बगैर परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा। साथ ही परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर ले कि उनका प्रवेश पत्र 2024 का ही हो। किसी भी परीक्षार्थी को उनके निर्धारित केन्द्र में ही बैठने की अनुमति होगी। प्रवेश पत्र में दिये गए केन्द्र के अतिरिक्त किसी अन्य केन्द्र में बैठने नहीं दिया जाऐगा अतः सभी परीक्षार्थी प्रवेश पत्र में दिये गए केन्द्र में निर्धारित समय से एक घण्टे पूर्व मूल पहचान पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित हो साथ ही एक दिन पुर्व केन्द्र जाकर देख लें।

## हरियाली बहिनी एक अनोखा मिशाल कायम करने जा रही हैं






राजनांदगांव (दावा)। हरियाली बहिनी एक अनोखा मिशाल कायम करने जा रही हैं, गणेश पंडालों से आस्था के फूल संग्रहण कर तलाबों को प्रदुषित होने से बचाने की अभियान चला रही है, पंडाल में जाकर तालाब में फूलो को डालने के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए जागरूक कर रही है। अविभाजित राजनांदगांव जिले के तकरिबन 150 गांवों में हरियाली बहिनी के माध्यम से बप्पा में चढ़े फूलों को संग्रहण कर उसे सुखाकर बम्लेश्वरी महिला प्रोड्क्सन कम्पनी को आगरबत्ती में लगने वाले रा-मटेरियल के लिए देंगी, राजनांदगांव एवं के.सी.जी. मुख्यालय में आस्था के फूलो का संग्रहण के लिए ई-रिक्शा को रथ बनाकर पदमश्री फुलबासन यादव के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। हरियाली बहिनी अभियान के प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया कि गांव गांव में बड़ी संख्या में बप्पा विराजमान है, जिसमें आस्था के फूल को एकत्रित करने में हरियाली बहिनी लगी हुई है जो आगे भी नवरात्र में भी फूलों का संग्रहण करेंगी। इस दौरान जनिया साहू, कस्तूरी धनकर, विनोद साहू, दिनेश साहू, सरस्वती साहू, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> **खुश रहने का बस एक ही मंत्र है उम्मीद बस खुद से रखो किसी और इंसान से नहीं।**

## सीबीआई पर सवाल, सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी बड़ा आघात

केजरीवाल की जमानत पर पक्ष-विपक्ष के दावों के बीच इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि सुप्रीम कोर्ट ने फिर से यह रेखांकित किया कि जमानत नियम और जेल अपवाद है। वह यह बात पहले भी कई बार कह चुका है। क्या उसकी यह बात निचली अदालतों और यहां तक कि उच्च न्यायालयों तक पहुंच नहीं पा रही है? आबकारी नीति घोटाले में अंततः दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई। ऐसा होने के आसार इसलिए बढ़ गए थे, क्योंकि उनके पहले इस मामले में जेल भेजे गए अन्य लोगों को भी जमानत मिल चुकी थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत देते समय उन पर कई शर्तें लगाईं और उनके तहत वह मुख्यमंत्री कार्यालय नहीं जा सकते और किसी सरकारी फाइल पर उपराज्यपाल की अनुमति के बिना हस्ताक्षर भी नहीं कर सकते, लेकिन उन्हें जमानत देते समय सुप्रीम कोर्ट के एक न्यायाधीश ने जिस तरह यह कहा कि सीबीआई को अपने को पिंजरे के तोते वाली छवि से मुक्त करना चाहिए, वह इस एजेंसी के लिए एक बड़ा आघात है।

यह ठीक है कि उक्त न्यायाधीश ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को अवैध नहीं कहा, लेकिन उन्होंने गिरफ्तारी के समय पर यह सवाल उठाते हुए सीबीआई को असहज ही किया कि आखिर उसने उन्हें तब क्यों गिरफ्तार किया, जब उन्हें ईडी के मामले में जमानत मिल गई थी? यदि इस सवाल के चलते आम आदमी पार्टी के नेता सीबीआई की निष्पक्षता पर सवाल उठा रहे हैं तो उन्हें गलत कैसे कहा जा सकता है?

यह पहली बार नहीं है, जब सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट से यह सुनना पड़ा हो कि वह सरकार के दबाव और प्रभाव में काम करती है। इसके पहले मनमोहन सरकार के समय कोयला खदान आवंटन में घोटाले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उसे पिंजरे का तोता कहा था। यह ठीक नहीं कि सीबीआई इस छवि से बाहर नहीं आ पा रही है कि वह सरकार के इशारे पर काम करती है। सीबीआई की ऐसी छवि मोदी सरकार पर भी एक सवाल है, जिसकी ओर से यह दावा किया जाता है कि यह एक स्वतंत्र एजेंसी है और उसके कामकाज में उसका कोई दखल नहीं।

केजरीवाल की जमानत पर पक्ष-विपक्ष के दावों के बीच इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि सुप्रीम कोर्ट ने फिर से यह रेखांकित किया कि जमानत नियम और जेल अपवाद है। वह यह बात पहले भी कई बार कह चुका है। क्या उसकी यह बात निचली अदालतों और यहां तक कि उच्च न्यायालयों तक पहुंच नहीं पा रही है? यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि अरविंद केजरीवाल हों या मनीष सिसोदिया अथवा के. कविता या फिर अन्य मामलों में जेल गए दूसरे नेता, उन्हें आमतौर पर जमानत तभी मिल सकी, जब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। आखिर लोगों को निचली अदालतों और उच्च न्यायालयों से जमानत क्यों नहीं मिल पाती? यह वह प्रश्न है, जिसका उत्तर न्यायपालिका को देना है और यह दिया ही जाना चाहिए। इसी तरह यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि अधिकांश मामलों में ट्रायल शुरू होने में देरी क्यों होती है? ध्यान रहे कि सुप्रीम कोर्ट प्रायः जमानत इसलिए भी दे देता है, क्योंकि यह पता नहीं होता कि ट्रायल कब शुरू होगा।

# आज अभियन्ता दिवस

भारत में प्रतिवर्ष 15 सितंबर को अभियन्ता दिवस (इंजीनियर्स डे) के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन भारत के महान अभियन्ता एवं भारतरत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्मदिन है।

एम् विश्वेश्वरैया भारत के महान इंजिनियरों में से एक थे, इन्होंने ही आधुनिक भारत की रचना की और भारत को नया रूप दिया. उनकी दृष्टि और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में समर्पण भारत के लिए कुछ असाधारण योगदान दिया।

विश्वेश्वरैया का जन्म 15 सितम्बर को 1860 में मैसूर रियासत में हुआ था, जो आज कर्नाटका राज्य बन गया है. इनके पिता श्रीनिवास शास्त्री संस्कृत विद्वान और आयुर्वेदिक चिकित्सक थे. इनकी माता वेंकचाम्मा एक धार्मिक महिला थी. जब विश्वेश्वरैया 15 साल के थे, तब उनके पिता का देहांत हो गया था. चिकबल्लापुर से इन्होंने प्रायमरी स्कूल की पढाई पूरी की, और आगे की पढाई के लिए वे बैंग्लोर चले गए. 1881 में विश्वेश्वरैया ने मद्रास यूनिवर्सिटी के सेंट्रल कॉलेज, बैंग्लोर से बीए की परीक्षा पास की. इसके बाद मैसूर सरकार से उन्हें सहायता मिली और उन्होंने पूना के साइंस कॉलेज में इंजीनियरिंग के लिए दाखिला लिया. 1883 में रुष्टश्च और स्नष्टश्च एग्जाम में उनका पहला स्थान आया. (ये परीक्षा आज के समय क्रश्च की तरह है)

इंजीनियरिंग पास करने के बाद विश्वेश्वरैया को बॉम्बे सरकार की तरफ से जॉब का ऑफर आया, और उन्हें नासिक में असिस्टेंट इंजिनियर के तौर पर काम मिला. एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने बहुत से अद्भुत काम किये. उन्होंने सिन्धु नदी से पानी की सप्लाई सुक्कुर गाँव तक करवाई, साथ ही एक नई सिंचाई प्रणाली च्ब्लाक सिस्टमज् को शुरू किया. इन्होंने बाँध में इस्पात के दरवाजे लगवाए, ताकि बाँध के



कर्नाटक के मैसूर में कृष्णा राजा सागरा (यक्रस) का निर्माण किया गया. कावेरी नदी पर बना कृष्णा राजा सागरा को विश्वेश्वरैया ने अपनी देख रेख में बनवाया था, इसके बाद इस बांध का उद्घाटन हुआ. जब ये बांध का निर्माण हो रहा था, तब एशिया में यह सबसे बड़ा जलाशय था.

### भारतरत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का आज जन्मदिन

पानी के प्रवाह को आसानी से रोका जा सके. उन्होंने मैसूर में कृष्णराज सागर बांध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. ऐसे बहुत से और कार्य विश्वेश्वरैया ने किये, जिसकी लिस्ट अंतहीन है.

1903 में पुणे के खड़कवासला जलाशय में बाँध बनवाया. इसके दरवाजे ऐसे थे जो बाढ़ के दबाब को भी झेल सकते थे, और इससे बाँध को भी कोई नुकसान नहीं पहुँचता था. इस बांध की सफलता के बाद ग्वालियर में तिगरा बांध एवं

1906-07 में भारत सरकार ने उन्हें जल आपूर्ति और जल निकासी व्यवस्था की पढाई के लिए च्अदेनज् भेजा. उनके द्वारा बनाये गए प्रोजेक्ट को अदेन में सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया. हैदराबाद सिटी को बनाने का पूरा श्रेय विश्वेश्वरैया जी को ही जाता है. उन्होंने वहां एक बाढ़ सुरक्षा प्रणाली तैयार की, जिसके बाद समस्त भारत में उनका नाम हो गया. उन्होंने समुद्र कटाव से विशाखापत्तनम बंदरगाह की रक्षा के लिए एक प्रणाली विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी.

विश्वेश्वरैया को मॉडर्न मैसूर स्टेट का पिता कहा जाता था. इन्होंने जब मैसूर सरकार के साथ काम किया, तब उन्होंने वहां मैसूर साबुन फैक्ट्री, परजीवी प्रयोगशाला, मैसूर आयरन एंड स्टील फैक्ट्री, श्री जयचमराजेंद्र पॉलिटेक्निक संस्थान, बैंगलोर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, स्टेट बैंक ऑफ़ मैसूर, सेंचुरी क्लब, मैसूर चैम्बर्स ऑफ़ कॉमर्स एवं यूनिवर्सिटी विश्वेश्वरैया कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग की स्थापना करवाई. इसके साथ ही और भी अन्य शैक्षिणक संस्थान एवं फैक्ट्री की भी स्थापना की गई. विश्वेश्वरैया ने तिरुमला और तिरुपति के बीच सड़क निर्माण के लिए योजना को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी.

उनके द्वारा शुरू की गई बहुत सी परियोजनाओं के कारण भारत आज गर्व महसूस करता है, उनको अगर अपने काम के प्रति इतना दृढ विश्वास एवं इक्छा शक्ति नहीं होती तो आज भारत इतना विकास नहीं कर पाता.

ज़्भारत में उस ब्रिटिश राज्य था, तब भी विश्वेश्वरैया जी ने अपने काम के बीच में इसे बाधा नहीं बनने दिया, उन्होंने भारत के विकास में आने वाली हर रुकावट को अपने सामने से दूर किया था. ज़्यह हमारे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम : 259 - महर्षि वशिष्ठ अपनी ज्योतिषीय गणना के आकलन को लेकर विचारमग्न

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



गुरु वशिष्ठ त्रेता युग के सबसे प्रतिष्ठित ऋषियों में से एक हैं। महर्षि वशिष्ठ ऋषि परंपरा के सर्वोच्च पद ब्रह्मर्षि को सुशोभित करते हैं। वे सूर्यवंशी राजाओं के राजपुरोहित रहे हैं। स्वयं राजा दशरथ का शासन अनेक महत्वपूर्ण अवसरों पर उनके परामर्श से ही संचालित होता है। श्रीराम समेत चारों राजकुमारों ने गुरु वशिष्ठ के आश्रम में ही शिक्षा ग्रहण की थी। युवराज पद पर श्रीराम के अभिषेक के मुहूर्त का निर्णय भी गुरु वशिष्ठ द्वारा ज्योतिषीय गणना और ग्रह नक्षत्रों की गति का सटीक आकलन कर ही निर्धारित किया गया था। यह आकलन कभी गलत नहीं हो सकता था। तथापि महर्षि वशिष्ठ यह भी जानते थे कि होनहार प्रबल है और समस्त ज्योतिषीय गणना हरि इच्छा के आगे असफल है।

श्री राम ने वनवास का पथ स्वयं चुनाव है। श्री राम दूरदर्शी और दृढ़ निश्चयी हैं। जिस घटना में अयोध्या राज्य का अहित दिख रहा है, उस घटना में भी उन्होंने अपने राज्य के लिए दूरगामी हित देखा है। रानी कैकेई के प्रति लोगों के क्षोभ को भी वे नियंत्रित करना चाहते हैं। गुरु वशिष्ठ सोच रहे हैं कि क्या मेरी ज्योतिषीय गणना असफल है या पुत्र राम ने इसे एक और आयाम देकर सफल कर दिया है अर्थात वनवास को अपने लिए वन के राज्य की प्राप्ति समझकर...।

कक्ष में गुरु वशिष्ठ के आने से रानी कैकेई अत्यधिक सजगता रख रही हैं। उन्होंने गुरु वशिष्ठ को दूर से ही प्रणाम कहा। उनकी भौंहें तनी हुई थीं और शारीरिक भावभंगिमाओं से भी वे कमजोर नहीं दिखना चाहती थीं और इस तरह उन्होंने गुरु वशिष्ठ के समक्ष कठोर मुद्रा धारण कर ली। कहीं ऐसा न हो कि कुल पुरोहित मुझ कैकेई को कोई ऐसा आदेश दे दें कि मैं अपनी बात वापस लेने को बाध्य हो जाऊं।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

# सुबह खाली पेट एक कटोरी भरकर खाएं अंकुरित मूंग की दाल, सेहत को मिलेंगे एक साथ कई लाभ, मोटापे की भी होगी छुट्टी



सुबह के समय रोजाना एक कटोरी अंकुरित मूंग की दाल का सेवन करने से आपका शरीर निरोगी होगा। चलिए जानिए अंकुरित मूंग दाल से सेहत को कौन-कौन से फायदे होते हैं?

अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए लोग अंकुरित मूंग दाल का सेवन करते हैं।इसे खाने से शरीर में पोषक तत्वों की कमी पूरी होती है।अगर आप मूंग दाल भिगोकर सुबह के समय खाली पेट करते हैं तो इससे न केवल वजन कम होगा रहेगा बल्कि शरीर कई बीमारियों से दूर रहेगा। सुबह के समय रोजाना एक कटोरी सेवन करने से आपका शरीर निरोगी होगा। तो, चलिए जानिए अंकुरित मूंग दाल का सेवन करने से आपकी सेहत को कौन-कौन से फायदे होते हैं?

### पोषक तत्वों से भरपूर है मूंग दाल

मूंग दाल में प्रचुर मात्रा में फाइबर, प्रोटीन, पोटेशियम, आयरन, विटामिन बी 6 पाया जाता है। ये सभी पोषक तत्व बेहतरीन सेहत के लिए ज़रूरी होते हैं। मूंग दाल में मौजूद ये पोषक तत्व ब्लड प्रेशर, अनियमित दिल की धड़कन और मांसपेशियों में ऐंठन को रोकने में मदद करते हैं।

### इन परेशानियों में कारगर है अंकुरित मूंग दाल :

वजन होता है कमः अगर आप बढ़ते वजन से परेशान हैं तो अंकुरित मूंग दाल का सेवन शुरू करें। इसमें मौजूद प्रोटीन और फाइबर मेटाबोलिज़्म को फास्ट करते हैं जिससे जल्दी भूख नहीं लगती है। यह लो कैलोरी युक्त फ़ूड है वजन तेजी से कम कर सकते हैं।

पाचन में फायदेमंद : भिगोये हुए मूंग फाइबर से भरपूर होते हैं तो में अगर आपका खाना जल्दी नहीं पचता है लगातार गैस ब्लोटिंग और कॉन्स्टिपेशन की शिकायत होती है तो डाइट में अंकुरित मूंग दाल ज़रूर शामिल करें। यह दाल आपका खाना पचाने में सहायता करता है।

आंखों के लिए फायदेमंद- विटामिन ए से भरपूर अंकुरित मूंग दाल आँखों की रौशनी की बढ़ाती है। दरअसल, मूंग दाल में जिंक और विटामिन ए पोषक तत्व हैं, जो आंखों के लिए आवश्यक हैं। जिंक शरीर में विटामिन ए बनाने वाले एंजाइम को सक्रिय करता है, जो रतौंधी के लिए आदर्श है।ऐसे में अगर अंकुरित दाल का सेवन करने से आपकी आंखों न केवल हेल्दी होंगी बल्कि रौशनी भी बढ़ेगी।

इम्यूनिटी करे बूस्ट- मूंग दाल में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पायी जाती है। ये आपके बॉडी में सफेद रक्त कोशिकाओं के प्रोडक्शन को बढ़ाता है और कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। साथ ही हरी मूंग दाल में सूजनरोधी गुण होते हैं जो पेट की जलन को शांत करने और पेट दर्द जैसे विकारों के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं।

### शब्द सामर्थ्य -178

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 177 का हल



## सामयिक चर्चा

### घर का सुख

आज की खबर पढ़कर,
बानी बोले - ''गजाधर!
उच्चतम न्यायालय ने
दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से
संबंधित सीबीआई के मुकदमे में,
तिहाड़ जेल में बन्द,
मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को,
बड़ी राहत देते हुए, कर दी जमानत मंजूर।
पर अभी भी वे हैं, कुर्सी से दूर!
तो इस पर गजाधर!
पार्टीजनों को कुछ को अफसोस है,
तो कुछ को है बड़ा दुःख।''
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''पर बानी!
केजरीवाल के माता-पिता
सुप्रीम कोर्ट के इस जमानत से खुश है
कि उनके अरविंद को
तिहाड़ जेल से मुक्ति तो मिली,
और मिला उसे घर का सूरज!''



गिरीश बख्शी

## कविता

### ।। तेरा तो मुंह जबानी है।।

सोचे जिसे सुनानी है, वो सोचे उसे भुलानी है।
कोई भी नहीं सुनता, यहाँ सबको सुनानी है।।
नया कहाँ से लाऊँ मैं, सभी बातें पुरानी है।
मिला वो दर्द पुराना है, लगी वो चोट पुरानी है।।
सभी सम्बन्ध हैं बंधक, सभी रिश्ते हैं किश्तों में।
जुड़ा था जो एक कुनबा, बँटने लगा है हिस्सों में।।
कम आँकता यह झुर्रियाँ, चेहरा झाँकता जब भी।
कहानी लोरियाँ बिसरीं, दादी नानी किस्सों में।।
बड़े-बड़े से दरवाजे, पर दिल की गलियाँ तंग।
अहं के जड़ बड़े ताले, हम हो गए खुद ही बंद।।
उस पर भी दीवारों में, चढ़ानी खुद का ही रंग।
लिखा दरवाजे जो नाम, हवाओं में निशानी है।।
खोई है वो एक कुंजी, पूंजी थी जो जीवन की।
निकलता हूँ हर रोज कि, मुझे उसको पानी है।।
चरण रज नैन का अंजन, भंजक सारे कष्टों का।
जिसे सर माथ धरना था, गलीचों में समानी है।।
ले पाओ कुछ आँसू गर आँखों में कुछ पानी है।
हर किरदार महाकाव्य, हर एक पात्र कहानी है।।
सभी सर्जन मेरा अर्चन, नही है शेष सब अर्पण।
हेरा फेरी न शब्दों की, सुन लो सभी रूहानी है।।
पाया तुमसे जो पल छिन, किंचित न भुलानी है।
मुझे साँसों की किश्तों में, मियादों में चुकानी है।।
लौटा पाऊँगा एक दिन, रहता चिंतातुर हर दिन।
सभी कुछ माफ है तुझको, तेरा तो मुँहजबानी है।।
दिल का तार जब झंकृत वो पल उम्र पे भारी है।
वही पल मन से है गुजरा, बाकी बेमन गुजारी है।।
सुकूं दिल को कभी न चैन, सोचूँ मैं तुम्हें दिन रैन।
ऐ आसमां तेरा शुक्रिया, जो तूने दिया खुमारी है।।
कहने की हर कोशिश, तुझे लगता बचकानी है।
गर पढ़ पाओं प्रथम पन्ने, मुझे अंतिम सुनानी है।।
हूँ शून्य शेष अब भी, दशमलव में विभाजित मैं।
गर बाँट सको मुझको, मुझे
हिस्सों में बँटानी है।।
नया न कोई किस्सा है, सभी बातें पुरानी है।
जिसे तुम को सुनानी है, पता तुम
को भुलानी है।।
मिलाया हाथ जब तुमसे,
रेख मिटीं है दुखों की।
खुशबू हाथों की न जाये,
अब तो ये दुख आनी है।।



रोशन साहू ''मोखला''
(राजनांदगांव)

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज रूका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे। नकारात्मक लोगों से दूरियां बनाने का विचार करेंगे।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज अपने काम को आसान तरीके से करने का रास्ता मिल सकता है। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका कोई रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीको पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज अपनी इच्छा शक्ति के बल पर योजनाओं पर काम कर पाएंगे। आज भाई बहन के बीच में चल रही अनबन खत्म हो जाएगी।

**कर्क** — आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुये धन लाभ से आज अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे। दाम्पत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज गलत विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे और गलत संगत से बचेंगे। आज क्रोध को नियंत्रित करने की कोशिश करें। स्वभाव की नकारात्मक बातों को सुधारने की कोशिश करें।

**सिंह** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगें। आज काम के हिसाब से फल मिलेंगे। जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। आपके काम पर अंतिम परिणाम निर्भर करेगा।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। शत्रु पक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है, इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेकार की उलझन लेने की जरूरत नहीं है।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही किसी स्वास्थ्य समस्या से छुटकारा मिल सकता है। प्रतिशोध की भावना न रखें।

**धनु** — आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आप खुद को बदली हुई भूमिका में महसूस करेंगे। पैसों का उपयोग सही तरीके से करेंगे। जीवन में संतुलन बनाए रखेंगे और कुछ बातों में बदलाव होने में समय लगेगा। आज किसी कामों को सही तरीके से पूरा करने की कोशिश करें।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज व्यापार में अच्छा लाभ मिलने से उनकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आज आप किसी से अपने मन की बातों को शेयर करेंगे और वह आपकी बातों को अहमियत देंगे। परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मान रखेंगे।

**मीन** — आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आज आप अपना ध्यान किसी रचनात्मक कार्य में लगायेंगे जिससे आपका अनुभव और अधिक बढ़ेगा। कुछ लोग आपके काम में रूकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं। आपको अपना स्वभाव सुधारना होगा। किसी को उधार देने से पहले सोच-विचार करेंगे।



# आदतन 10 शराब कोचियों के विरुद्ध डोंगरगढ़ पुलिस की कार्यवाही




डोंगरगढ़(दावा)। वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति. पुलिस राहुलदेव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं असमाजिक तत्वों पर नजर रख रही है साथ ही क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को रोकने हेतु डोंगरगढ़ पुलिस मुहिम छेड़ दी है।

इसी अभियान के तहत क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को रोकने हेतु 14 सितंबर को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र के 10 आदतन शराब कोचियों के विरूद्ध धारा- 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है।

डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध रूप से शराब रखने, बिक्री करने एवं पिलाने वालों व सट्टा लिखने वालों पर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है जिससे शराब कोचियों, तस्करों एवं सटोरियों के उपर दहशत का माहौल बना हुआ हैं।

**10 आदतन शराब कोचियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही**

पुलिस ने 10 आदतन शराब कोचियो पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों मे ईशनु टेम्भुरकर पिता प्रभुलाल टेम्भुरकर उम्र- 52 साल निवासी रविदास मंदिर के पास ,राजू साहू पिता ईश्वर साहू उर्म्र- 30 साल निवासी बुधवारी पारा, सचदेव गली, बबलू साहू पिता स्व. रमेश लाल साहू उम्र- 33 साल, बुधवारी पारा, कक्कड़ गली, ताम्रज कुमार पिता पुनूराम गोंड़ उम्र- 32 साल निवासी ग्राम चिद्दो, बारेलाल पिता स्व. रामप्रसाद सिन्हा उम्र- 53 साल ग्राम चिद्दो, जाकिर खान पिता जुम्मन खान उम्र- 30 साल बुधवारी पारा, राज कुमार पिता सहसराम कंवर उम्र- 35 साल निवासी देवकट्टा, जितेन्द्र ठाकुर पिता स्व. अपराम ठाकुर उम्र 36 साल निवासी बेलगांव, रोहित नेताम उर्फ सोनू पिता स्व. रमेश नेताम उम्र 24 साल थाना चौक, अवेक चौरसिया पिता मनोज चौरसिया उम्र- 36 साल निवासी खुंटापारा शामिल है।

# 36 पौवा अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



डोंगरगढ़(दावा)। एसपी मोहित गर्ग, अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में दिनांक 13 सितंबर को अवैध शराब बिक्री की सूचना पर अमरदीप सिंह भाटिया पिता स्व. सतपाल सिंह भाटिया उम्र- 35 साल निवासी बुधवारी पारा डोंगरगढ़ जिला को ग्राम मुरमुंदा रेस्टोरेंट ढाबा के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुये पकड़कर आरोपी के कब्जे से 36 नग पौवा सुप्रीमो डीलक्स व्हीस्की अंग्रेजी शराब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकार एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। पुलिस की ओर से कहा गया है कि, अवैध रूप से शराब बिक्री पर आगे भी कार्यवाही की जायेगी।

# आज थैलीटोला में भव्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजित


बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार थैलीटोला में नवजागृति गणेश उत्सव समिति व समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में सामूहिक, युगल, एकल नृत्य रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता रविवार शाम 15 सितंबर 2024 को रखा गया है। जिसमें जिला के समस्त डांस ग्रुप को आमंत्रित किया जाता है। जिनके मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव जिला पंचायत राजनांदगांव व विशेष अतिथि श्रीमती योगमाया साहू जनपद सदस्य अं. चौकी होगें।

पुरुस्कार-सामूहिक नृत्य में प्रथम 3000 रु., द्वितीय 2500 रु., तृतीय 2000 रु., चतुर्थ 1500, पंचम 1000 रु., षष्ठम 500, सप्तम 300रु. युगल नृत्य पर प्रथम 2000 रु., द्वितीय 1500 रु., तृतीय 1000, चतुर्थ 700, पंचम 500, षष्ठम 300। एकल नृत्य में प्रथम 1500, द्वितीय 1200, तृतीय 800, चतुर्थ 600, पंचम 400, षष्ठम 200 व समस्त प्रतिभागी मंडलियों को विशेष संतावना पुरुस्कार दिया जावेगा।

सदाबहार कि राशि दी जाएगी और समिति के द्वारा अपील किया गया है, कि प्रतिभागी नृत्य ग्रुप एक घण्टा पूर्व पहुंचकर अपना स्थान पक्का कर लेवे और इसी दिन गैंदाटोला में भी कार्यक्रम आयोजित है। उक्त जानकारी सतीश कुमार सिन्हा ने दी।

# पहला कॉलम...

## सेवा नगर रेलवे कॉलोनी में गणेश जी की प्रतिमा विराजमान



डोंगरगढ़ (दावा)। श्री रघुनंदन भक्त युवा समिति के द्वारा सेवा नगर रेलवे कॉलोनी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी में गणेश जी की प्रतिमा विराजमान की गई है, जहां पूर्ण भक्ति भाव के साथ पूजा-अर्चना की जा रही है। भक्तगण भारी मात्रा में सेवा नगरचा राजा गणेश जी के दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार यहां प्रत्येक दिन एक नया आयोजन किया जा रहा है, साथ ही प्रत्येक दिन महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। श्री रघुनंदन भक्त युवा समिति के द्वारा आयोजित इस गणेश उत्सव में भक्ति भाव देखते ही बनती है। गणेश जी के सेवा कार्य में शुभम परिहार, मनीष समुंद्रे, हिमांशु (डिंपी) डकहा, रोहित समुंद्रे, लक्की करसे, राहुल करसे, ऋषभ डकहा, अभय डकहा, सौरभ समुंद्रे, अंकित समुंद्रे, सुजल गोइकर, अश्मित समुंद्रे सहित अन्य का योगदान सराहनीय है।

## आज आध्यात्मिक दिव्य सत्संग एवं मंच लोकार्पण

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत अछोली में आगामी 15 सितंबर रविवार को दिव्य आध्यात्मिक सत्संग आयोजित है। श्री सदगुरु कबीर सत्संग समिति अछोली एवं तहसील साहू संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में महात्मा लेखचंद साहब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुमारी एवं दूसरा की लीलाधर साहब के द्वारा दिव्य सत्संग का प्रवचन होगा साथ ही मंच लोकार्पण कार्यक्रम में क्षेत्र की विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डोंगरगांव तहसील साहू संघ के अध्यक्ष हेमंत साहू, डोंगरगढ़ तहसील साहू संघ के अध्यक्ष हंसराज साहू, जनपद सदस्य हिरवानी, सरपंच श्रीमती मनीषा टूमेश नेताम तथा ग्राम पटेल घनश्याम साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे क्षेत्र के सत्संग प्रेमियों से अधिक अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील समिति ने की है।

## अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ की बैठक संपन्न



खैरागढ़ (दावा)। अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ खैरागढ़-छुईखदान, गंडई का जिला स्तरीय बैठक में बुढ़ादेव मंदिर ठाना लक्ष्मणपुर छुईखदान में राज्य में नए पद गठन के लिए चर्चा किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह खुशरो, महासचिव संतोष कुमार नेताम, छुईखदान अध्यक्ष संजीव धुर्वे, खैरागढ़ अध्यक्ष भुनेश्वर सिंह ठाकुर, साल्हेवारा अध्यक्ष मनोज मरकाम, गंडई तहसील अध्यक्ष संतोष कुमार नेताम, संजय धुर्वा, शिवचरण सिंह खुशरो, शिव मरकाम, लालाराम मेरावी सहित सभी उपस्थित थे।

## मूंदगांव की बेटी सीआरपीएफ जॉइन कर, देश की सेवा करेगी



डोंगरगढ़(दावा)। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद सीआरपीएफ के लिए चुनी गई मुंदगांव की ज्योति निषाद के गत दिनों गांव पहुंचने पर ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया। ग्राम पंचायत ने सम्मान समारोह का आयोजन कर ज्योति निषाद का सम्मान किया। इस अवसर पर उपसरपंच पन्नालाल साहू ने ज्योति निषाद की सराहना करते हुए कहा कि उसकी मेहनत से पूरा गांव गर्वित है। ज्योति से प्रेरणा लेकर अन्य बच्चों को आगे बढ़ने में सुविधा मिलेंगी।

## वजन त्यौहार में शामिल हुए मनराखन देवांगन



खैरागढ़ (दावा)। शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला दाऊचौरा में बच्चों का वजन त्यौहार विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन में मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जहां वार्ड नम्बर 16 व 17 के बच्चों का वजन व ऊँचाई का नाप किया गया। उक्त कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का सराहनीय प्रयास रहा। कार्यक्रम में टीचर दीपिका सिंह, सावित्री सिंह उमेश वर्मा, पिंकी ठाकुर, सरिता सारथी, देवांगन सहित पालकगण व बच्चे शामिल थे।

# रेल्वे स्टेशन डोंगरगढ़ यार्ड पर घायल अवस्था में मिली अज्ञात युवती की इलाज के दौरान मौत



**मामला - शासकीय रेल पुलिस थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र का**

डोंगरगढ़ (दावा)। थाना रेल पुलिस डोंगरगढ़ के मर्ग क0 18/2024 धारा 194 बीएनएसएस के अज्ञात मृतिका उम्र करीबन 35-40 वर्ष के वारिसान पतासाजी के संबंध में रेल पुलिस ने बताया की, थाना रेल पुलिस डोंगरगढ़ के मर्ग क0 18/2024 धारा 194 बीएनएसएस के अज्ञात मृतिका उम्र लगभग 35-40 वर्ष की दिनांक 28 अगस्त को घटना स्थल कि.मी. न. 927/04 रेल्वे स्टेशन डोंगरगढ़ यार्ड पर घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली थी।

मेमों उप स्टेशन प्रबंधक द.पू.म. रेल्वे डोंगरगढ़ द्वारा सूचना प्राप्त होने पर उक्त घायल महिला को ईलाज हेतु शास. अस्पताल डोंगरगढ़ लेकर गये जहाँ पर डॉ. साहब द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जीएमसी राजनांदगाँव हेतु रिफर करने पर जीएमसी राजनांदगाँव में भर्ती किया गया था जिसका ईलाज के दौरान दिनांक 10 सितंबर को मृत्यु हो जाने से मृत्यु की सूचना अस्पताली मेमो प्राप्त होने पर गर्ग सदर कायम कर जांच में लिया गया है। अज्ञात मृतिका के वारिसान का तलाश पतासाजी की जा रही है। अतः अज्ञात मृतिका का अपने क्षेत्राधिकार में वारिसानों का तलाश कराने का कष्ट करें व मिलने पर सूचित करने की अपील की गई है। मृतिका का हुलिया के बारे में बताया गया की, उसका रंग गेंहुआ कद 5'4'' उम्र करीबन 35-40 वर्ष शरीर सामान्य बदन, लम्बा चेहरा, बाल लम्बा घना व काला, नाक लम्बी, नाक के उपर पुराना घाव का निशान, पहनावा काला रंग कुर्ती व पीला छींटदार सलवार पहनी है।

# साइकिल मिलने से छात्राओं की राह हुई आसान - विक्रांत सिंह

**खैरागढ़ (दावा)। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले शासकीय आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जालबांधा में राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने नवमी की 105 छात्राओं को साइकिल वितरण कर पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया।**



उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन द्वारा नई-नई योजनाएं ला रही हैं। इससे छात्राएं ज्यादा से ज्यादा संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। जहां उनका उत्तीर्ण प्रतिशत और उत्तीर्ण अंक दोनों में लगातार बढ़ोतरी हो रहा है।

वहीं दूसरी ओर छात्राएं सुरक्षित वातावरण में आत्मविश्वास से भरे हुए अध्ययन अध्यापन में लगातार आगे आ रही हैं, यह सब छत्तीसगढ़ शासन की योजना का सुखद परिणाम है। अब छात्राएं संसाधनों की कमी के कारण पढ़ाई से वंचित नहीं हो रही है। सरकार छात्र-छात्राओं की हित में सदैव आगे काम करती रहेगी। इसी कड़ी में जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं को स्कूल आने जाने में सहूलियत मिलेगी व दूरदराज से आने वाले बेटियों के लिए यह योजना बहुत ही कारगर साबित हो रही है। इस दौरान सरपंच दिनदयाल सिन्हा, शाला विकास समिति अध्यक्ष गोपाल सिंह राजपुत, प्रो. प्राचार्य हेमसिग वर्मा जयप्रकाश साहू रिखबचंद जैन, दुलेश्वर यादव, अध्यक्ष युवा मोर्चा चन्द्रकुमार यादव, हेमंत देशमुख, राजेन्द्र वर्मा, प्रमोद भगत, नीलकंठ बंजारे, कैलाश सिन्हा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार की देन है सरस्वती सायकल योजना- पूर्व विधायक कोमल जंघेल



खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले के छुईखदान ब्लाक के हायर सेकेण्डरी स्कुल पदमावतीपुर मे सरस्वती सायकल योजना के माध्यम से स्कूल में अध्ययनरत छात्राओं को पूर्व विधायक कोमल जंघेल एवं क्षेत्रीय वरिष्ठ नेताओं के द्वारा एक समारोह के माध्यम से वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रेमनारायण चंद्राकर, जिला महामंत्री पूरन जंघेल, जिला मंत्री जयनेन्द्र जंघेल, मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डडसेना प्रमुख अतिथियों के उपस्थिति में वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के कार्यकाल का सबसे अच्छा योजना सरस्वती सायकल योजना के माध्यम से हाईस्कूल की प्रारम्भिक कक्षा नवमी में जब स्कूल जाने का अवसर आता था। तो बेटियों को स्कूल जाने में बेहद कठिनाई होती थी और साधन के बिना बेटी पढ़ाई नहीं कर पाती थी। इस बेहद भावनात्मक सोच को लेकर डॉ.रमन सिंह ने सरस्वती सायकिल योजना प्रारम्भ की जिसके बदौलत आज छत्तीसगढ़ के लाखों बेटियां पढ़ रही है और आज सभी स्कूलों मे छात्राओं की दर्ज संख्या लड़कों से अधिक हो गयी है।

कोमल जंघेल ने बताया कि जब वह 2007 के उप चुनाव जीतकर आये तो गांव वालों ने हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल की मांग की थी और इस स्कूल को स्वीकृत कराया था। कार्यक्रम को जिला महामंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा की छुईखदान क्षेत्र मे इतना नजदीक गांवों में हाईस्कूल नहीं होते थे। जिससे ग्रामीण बच्चे आगे पढ़ नहीं पाते थे पर क्षेत्र मे कोमल जंघेल के विधायक बनने के बाद अनेको गांव जैसे उदयपुर साल्हेकला, जंगलपुर कुटेली कला कुटेली खुर्द, झूरानदी उदान, धोधा, बकरकट्टा, आमगांव घाट, कटगी ढाबा गातापार जैसे अनेको गावों में स्कूल खुलावाएं जिसका परिणाम हैं, कि आज गांव के बच्चे हायर सेकेण्डरी तक आसानी से शिक्षा प्राप्त कर रहे है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एवं कोमल जंघेल का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जनभागीदारी के अध्यक्ष हीरामन जंघेल, भोज वर्मा, राजू जंघेल कृपाल यादव, गौतम जंघेल, डोंगेंद जंघेल, मनोज साहू, मंगल नेताम सहित शाला परिवार एवं ब्लाक के शिक्षा विभाग के अधिकारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता में डोंगरगांव के अमय नाहटा प्रथम



डोंगरगांव (दावा)। गणित विषय मे नई पीढ़ी के बच्चों में रुचि पैदा करने एवं पारंगत करने के ध्येय से गत दिनो राजधानी रायपुर की संस्था 'ब्रेन अबेकस क्लासेस' राज्यस्तरीय लगाया जाकर प्रतिभागियों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन रायपुर सहित दूरदराज से आये कोई एक हजार प्रतिभागियों ने सभी वर्गो के शामिल हुए इस प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में डोंगरगांव के अमय नाहटा उम्र (7 वर्ष) पिता सीए अतुलकुमार नाहटा ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुये चैंपियन का अवार्ड अपने नाम कर नगर को गौरवान्वित किया है। अमय के इस उपलब्धि पर परिजनों के अलावा शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की है।

परना व महरूम में रामधुनि प्रतियोगिता डोंगरगांव अंचल के ग्राम महरूम और परना में 14 एवं 15 सितंबर को गणेश उत्सव के पावन पर्व पर दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामवासी के सहयोग एवं आयोजक समिति के सहयोग से रखा गया है। जिसमें ख्याति प्राप्त मंडलिया अपनी प्रस्तुति देंगे।

# शासन की नीतियों में प्रमुखता से शामिल है हिंदी- इंजी. नीरज बाजपेयी



**नीरज विद्या मंदिर में मना हिंदी दिवस**

डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर, मोहड़ (सीबीएसई) में हिंदी दिवस पूरी गरिमा के साथ मनाया गया। प्रति सप्ताहांत होने वाली को-केरिकुलर एक्टीविटी को ध्यान में रखते हुए इसे एक अलग ही रंग दिया गया। हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्था की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान के मार्गदर्शन में हिंदी दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों के लिए कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी दिवस के तहत कक्षा 4 से 5 वीं के लिए काव्यलेखन स्पर्धा, कक्षा 6वीं से 8वीं के लिए भाषण स्पर्धा, जिसका विषय- 'हमारे देश की शान हिन्दी' था का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कक्षा 9वीं व 12वीं के लिए हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। स्पर्धा के विजेता बच्चों को नियमित प्रार्थना सभा में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं अंचल के युवा शिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी ने कहा कि हिंदी हिंदोस्तान की भाषा है और इसे देश के सिंहासन पर बिठाना ही होगा।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार की नीतियों में अब प्रमुखता के साथ हिंदी को शामिल किया जा रहा है यह शुभ संकेत है। संस्था की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने हिंदी की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए हमें हिंदी की सेवा करनी होगी। हिंदी दिवस के संदर्भ एवं प्रसंग को रेखांकित करती हुई प्राचार्या सुश्री जहान ने कहा कि हिंदी वैज्ञानिक भाषा है और इसकी विशेषताएँ ही इसे आने वाले दिनों में वैश्विक भाषा का दर्जा दिलाएगी। संस्था में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, रितेश शर्मा, नीरज कोटड़िया, समीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी एवं प्रशासक जी राम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा, श्रीमती रेखा निषाद, श्रीमती सरिता साहू, श्रीमती चित्ररेखा धनकर, श्रीमती नंदनी साहू, सहित शैक्षणिक स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में शिक्षक नवीन देवांगन ने दी।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में मनाया गया हिंदी दिवस




खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में आज 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया गया। इसके साथ ही 14 से 28 सितंबर तक चलने वाले हिंदी पखवाड़े के विभिन्न कार्यक्रमों की भी शुरुआत हुई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण कर एवं उनके समक्ष दीप प्रज्वलन कर हिंदी दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भारत के गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के हिंदी दिवस संदेश का वाचन शिक्षक सुदीप आर्य के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय नई दिल्ली की आयुक्त श्रीमती निधि पांडे द्वारा कार्मिकों से हिंदी दिवस पर की गई अपील का भी वाचन किया गया। विद्यालय की शिक्षिका सुश्री गीतांजलि ने 14 से 28 सितंबर तक मनाए जाने वाले हिंदी पखवाड़ा के विभिन्न कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी दी।हिंदी दिवस पर शिक्षक सौरभ कुमार ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने राजभाषा हिंदी की संवैधानिक स्थिति और भारतीय जनमानस में इसकी प्रभावी भूमिका के संबंध में जानकारी दी।

अपने उद्बोधन में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने हिंदी को हृदय की भाषा और भारतीयता का प्रतीक बताया। उन्होंने कार्मिकों से आह्वान किया कि वे अपना अधिक से अधिक कार्यालय कार्य हिंदी में ही करें और विद्यालय में हिंदी का प्रगामी प्रयोग सुनिश्चित करें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुश्री गीतांजलि ने किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर शिक्षक प्रशांत घोंगड़े ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक अंबरीश शुक्ल समेत अनेक शिक्षकगण एवं कार्मिकगण उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## 34 के हुए सूर्यकुमार यादव



नई दिल्ली । बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को शनिवार को उनके 34वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। टी20 फॉर्मेट में सूर्या एक दिग्गज और आक्रामक बल्लेबाज हैं। उन्होंने पुरुषों की टी20 रैंकिंग में शीर्ष रैंकिंग हासिल की। उनके करियर की सबसे बड़ी अचीवमेंट टी20 विश्व कप फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच था, जिसने भारत की झोली में विश्व कप डालने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह टीम इंडिया ने भारत के लिए वैश्विक खिताब जीतने का 11 साल के सूखे को समाप्त किया। शाह ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, हमारे टी20 कप्तान और बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले मिस्टर 360 को जन्मदिन की शुभकामनाएं! मैं आपको सबसे छोटे प्रारूप में मेन इन ब्लू को कई जीतों की ओर ले जाते हुए देखने के लिए उत्साहित हूं। आने वाले वर्ष के लिए शुभकामनाएं!

## जोमेटो अब ट्रेनों में भी करेगी डिलीवरी

नई दिल्ली। फूड एग्रीगेटिंग प्लेटफॉर्म जोमैटो ने भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम के साथ अपना नया ऑफर 'जोमैटो-फूड डिलीवरी इन ट्रेन्स' के तहत एक डील की है। ट्रेन से यात्रा करते हुए अपना पसंदीदा भोजन जोमैटो पर ऑर्डर कर पाएंगे। फूड डिलीवरी आपको अपनी सीट पर मिलेगी। यह ट्रेन यात्राओं को नया रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब तक 100 स्टेशनों पर 10 लाख से अधिक ऑर्डर ग्राहकों तक पहुंचाए जा चुके हैं।

इस सर्विस के तहत रेल यात्री सफर करते हुए अपना पसंदीदा फूड को ऑर्डर कर सकते हैं। खास बात ये है कि इसकी डिलीवरी पैसेंजर को उनकी सीट पर कर दी जाती है। कंपनी की यह सर्विस देश के कई शहरों में शुरू हो चुकी है। जोमैटो के अनुसार, उसकी ट्रेन फूड डिलीवरी सर्विस देश के 88 शहरों में उपलब्ध है। इस सर्विस के माध्यम से कंपनी अब तक देश के 100 से ज्यादा रेल स्टेशनों पर यात्रियों को 10 लाख से ज्यादा ऑर्डर डिलीवर किए जा चुके हैं।

## पाकिस्तान क्रिकेट फिर शर्मसार!

### शोएब मलिक पर लगा फिक्सिंग के गंभीर आरोप

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट एक बार फिर शर्मसार हो गया है क्योंकि दिग्गज खिलाड़ी बासित अली ने शोएब मलिक पर मैच फिक्सिंग के गंभीर आरोप लगाए हैं. सालों पहले मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद आमिर और सलमान बट पर लगे फिक्सिंग के आरोपों की याद अब एक बार फिर ताजा हो गई है. दरअसल बासित अली ने अपने यूट्यूब चैनल पर शोएब पर आरोप लगाए हैं कि उन्होंने जानबूझकर अपनी टीम को हराया था. दरअसल बासित अली ने साल 2005 में हुई नेशनल टी20 कप के मुद्दे को एक बार फिर उछाल दिया है. पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी ने उस टूर्नामेंट में हुए सियालकोट स्टालियंस बनाम कराची जेब्राज मैच को याद किया, जिसमें स्टालियंस को आखिरी 4 ओवर में महज 25 रन बनाने थे. स्टालियंस के कप्तान शोएब मलिक अर्धशतक लगाकर क्रीज पर डटे हुए थे और उनकी टीम जीत की दहलीज पर खड़ी थी. मलिक 53 गेंद में 88 रन बनाकर नाबाद लौटे थे, फिर भी उनकी टीम 4 रन से मैच हार गई थी. इस कारण स्टालियंस और मलिक की पारी पर सवाल खड़े होने लगे थे.

## दूध में जहर डालकर ली 13 की मौत

कराचीः पाकिस्तान के सिंध प्रांत में 13 लोगों को जहर देकर मारने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि जमीन विवाद के चलते एक ही परिवार के लोगों को जहर मिला दूध पला दिया गया। इससे उस परिवार के 13 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 19 अगस्त को खैरपुर के पास हैबत खान ब्रोही गांव में हुई। पीड़ितों की पहचान गुल बेग ब्रोही, उनकी पत्नी, पांच बेटे, तीन बेटियां और तीन अन्य रिश्तेदारों के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि कुछ करीबी रिश्तेदारों ने आशंका जताई थी कि पीड़ितों को जहर दिया गया होगा, क्योंकि परिवार के मुखिया का कुछ लोगों के साथ ज़मीन का विवाद था। पुलिस ने बताया कि सक्कूर स्थित रासायनिक प्रयोगशाला द्वारा की गयी जांच से पता चला है कि जिस दिन परिवार के सदस्यों की मौत हुई, उस दिन उन्होंने जो दूध पिया था, उसमें जहरीला पदार्थ था। उसने बताया कि रिपोर्ट में मृतकों के शरीर में जहरीले पदार्थ की मौजूदगी की भी पुष्टि हुई है।

इस घटना से पाकिस्तान पुलिस भी हैरान है। खैरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ.समीउल्लाह सूमरो ने कहा कि पुलिस मामले की हर कोण से जांच कर रही है। उन्होंने कहा, च्च्हम सावधानी से मामले में आगे बढ़ेंगे लेकिन यह सुनिश्चित करेंगे कि घटना के जिम्मेदार लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाए। (भाषा)

# हरमप्रीत सिंह के ड्रैग फ्लिक के सामने पाकिस्तान पस्त, भारत ने 2-1 से रौंदा




नई दिल्ली। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के ग्रुप स्टेज का आखिरी मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया। चीन के हुलुनबुइर में खेले गए इस मैच में भारत ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 2-1 से हरा दिया। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी थीं। ऐसे में इस मैच के रिजल्ट का टूर्नामेंट में कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भारत ने अपराजित रहते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की की है। वहीं पाकिस्तान की इस टूर्नामेंट में यह पहली हार है।

इस हार के साथ पाकिस्तान भारत के खिलाफ 8 साल से चला आ रहा जीत का सूखा खत्म नहीं कर पाया। आखिरी बार पाकिस्तान ने 2016 में दक्षिण एशियन गेम्स में भारत को 1-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता था। इसके बाद से पाकिस्तान एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाया है।

दोनों टीमों के बीच पहले क्वार्टर में कांटे की टक्कर देखने को मिली। लेकिन पाकिस्तान ने गोल करके सब को चौंका दिया है। दाईं ओर से हन्नान शाहिद ने एक जबरदस्त पास दिया, नदीम अहमद को काफी जगह मिल गई और पाकिस्तान ने गोल कर दिया। इसी के साथ मजबूत समझी जा रही भारतीय टीम 0-1 से पिछड़ गई। 12वें मिनट में भारत ने जोरदार वापसी करते हुए बराबरी कर ली। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने मैच में मिले पहले पेनल्टी कॉर्नर में कोई गलती न करते हुए गेंद नेट के भीतर डाल दी और स्कोर 1-1 से ड्रा हो गया।

दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही हरमप्रीत सिंह ने एक बार फिर जोरदार शॉट लगाते हुए भारत को 2-1 की लीड दिला दी। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान को रोके रखा और बराबरी करने का कोई मौका नहीं दिया। दूसरे क्वार्टर के खत्म होने तक भारत 2-1 से आगे ही रहा।

तीसरे क्वार्टर में पाकिस्तान ने वापसी की हर कोशिश की लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने उन्हें स्ट्राइकिंग जोन के पास ज्यादा देर टिकने नहीं दिया। पाकिस्तान को एक पेनल्टी भी मिली। लेकिन वे इसे भुना नहीं पाये और स्कोर 2-1 की रहा। चौथा क्वार्टर में भी भारत ने पाकिस्तान को कोई वापसी करने नहीं दी। हालांकि दोनों टीमों को एक - एक येलो कार्ड मिला। भारत के पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह को येलो कार्ड दिया गया और उन्हें मैच के आखिरी 5 मिनट बाहर बिताने पड़े। ये क्वार्टर भी गोल रहित रहा और भारत ने 2-1 से मैच जीत लिया। अब सेमीफाइनल में भारत मलेशिया से भीड़ सकता है। लीग स्टेज में भारत ने मलेशिया को 8-1 से हराया था।


# पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने पीसीबी पर साधा निशाना

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट का हाल पिछले कुछ समय से खास नहीं रहा है। पिछले साल वनडे विश्व कप में लीग स्टेज से बाहर होने के बाद इस साल भी टीम टी20 विश्व कप से भी लीग स्टेज से बाहर हो गई थी। टीम में पिछले एक साल में कई बड़े बदलाव हुए हैं। इनमें पीसीबी के अध्यक्ष से लेकर कप्तान तक शामिल हैं। बाबर आजम ने पिछले साल वनडे विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद तीनों प्रारूप की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद शाहीन अफरीदी को टी20 कप्तान और शान मसूद को टेस्ट कप्तान बनाया गया था। हालांकि, टी20 विश्व कप से ठीक पहले शाहीन से टी20 कप्तानी छीन कर फिर से बाबर को सौंप दी गई थी। इस पर जमकर बवाल हुआ था। अब इस मामले पर 1992 विश्व कप विजेता पाकिस्तान टीम का हिस्सा रहे और टीम के पूर्व कप्तान मोइन खान ने बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि शाहीन को कप्तानी से हटाना पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का गलत फैसला था।

कप्तानी से हाथ धोने से पहले शाहीन के नेतृत्व में पाकिस्तान की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज 4-1 से हार गई थी। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज मोइन खान ने कहा कि शाहीन को टी20 कप्तान के रूप में हटाना अन्यायपूर्ण था। उन्हें और समय दिया जाना चाहिए था। मोइन ने क्रिकेट पाकिस्तान को बताया, शाहीन अफरीदी में टीम का नेतृत्व करने की क्षमता है और बाकी खिलाड़ी भी उन्हें काफी पसंद करते हैं। वह टी20 में कप्तानी के लिए बेहतरीन पसंद हैं। व्हाइट बॉल के क्रिकेट में मुझे नहीं लगता कि कोई और इस भूमिका के लिए उपयुक्त है।

# अल्बर्ट आइंस्टीन का पत्र 32 करोड़ रुपये में नीलाम

वॉशिंगटन। महान भौतिक विज्ञानी अल्बर्ट आइंस्टीन का हस्ताक्षरित पत्र एक नीलामी में 32 करोड़ रुपये में नीलाम हुआ है।



यह पत्र आइंस्टीन ने साल 1939 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट को भेजा था। इस पत्र में आइंस्टीन ने परमाणु हथियारों के विकास को लेकर चेतावनी दी थी। यह पत्र न्यूयॉर्क में फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट की लाइब्रेरी से मिला था।

इस पत्र में अल्बर्ट आइंस्टीन ने अमेरिका के राष्ट्रपति को चेताते हुए बताया था कि जर्मनी परमाणु हथियारों का विकास कर रहा है। पत्र में आइंस्टीन ने बताया कि %परमाणु भौतिकी में हाल ही में जो काम किया गया है, उससे संभावना है कि यूरेनियम को एक नए और अहम ऊर्जा स्त्रोत में तब्दील किया जा सकता है। आइंस्टीन ने चेताते हुए कहा कि इस ऊर्जा को बेहद ताकतवर विस्फोटक बनाने में इस्तेमाल किया जा सकता है। आइंस्टीन ने इसी पत्र में अमेरिकी सरकार से भी परमाणु फ्यूजन को लेकर रिसर्च करने और परमाणु बम बनाने की सलाह दी थी।

आइंस्टीन के पत्र की नीलामी करने वाली कंपनी क्रिस्टीज से जुड़े वरिष्ठ विशेषज्ञ पीटर क्लारनेट ने इस पत्र को दुनिया के इतिहास का सबसे प्रभावशाली पत्रों में से एक करार दिया।

# ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हरा इंग्लैंड ने 1-1 से बराबर की सीरीज

**नई दिल्ली। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही तीन मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुक़ाबला 13 सितंबर की रात खेला गया। कार्डिफ के सोफिया गार्डन में खेले गए इस मुक़ाबले में इंग्लिश बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन ने मार - मार के ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का बुरा हाल कर दिया।**



लिविंगस्टोन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 47 गेंद पर छह चौके और पांच छक्के की मदद से 87 रन ठोके। उनके इस तूफानी अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड ने दूसरे टी20 मुक़ाबले में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हरा दिया और तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली। लिविंगस्टोन ने बल्लेबाजी के अलावा गेंदबाजी में भी दो विकेट चटकाए। लिविंगस्टोन को उनकी इस ऑलराउंड परफॉर्मेंस के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 193 रन बोर्ड पर लगाए। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान मिचेल मार्श नहीं खेले। उनके स्थान पर विस्फोटक बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क को मौका मिला। वहीं ट्रेविस हेड ने ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी संभाली।

मैकगर्क ने इस मौके को अच्छे से भुनाया और अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टी20 अर्धशतक जड़ते हुए 31 गेंदों पर 4 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 50 रनों की पारी खेली। उनके अलावा जोश इंग्लिस ने 42 और कप्तान ट्रेविस हेड ने 14 गेंदों पर 31 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए लिविंगस्टोन के अलावा ब्रायडन कार्स ने दो, अदिल रशीद और सैम करन ने एक - एक विकेट झटके। जवाब में इंग्लैंड ने इस लक्ष्य को 19 ओवर में सात विकेट खोकर हासिल कर लिया। लिविंगस्टोन के अलावा जैकब बेथेल ने 24 गेंदों पर 44 रन और फिलिप सॉल्ट ने 23 गेंद पर 39 रनों का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैथ्यू शॉर्ट ने तीन ओवर में मात्र 22 रन देकर पांच विकेट झटके। लेकिन लिविंगस्टोन की आतिशी बल्लेबाजी के सामने वे भी नाकाम नज़र आए और अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उनके अलावा सीन एबॉट ने दो विकेट झटके। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहले मुक़ाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 28 रन से हरा दिया था।

# मंकीपॉक्स की पहली वैक्सीन को डब्ल्यूएचओ ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। दुनिया भर में फैले एमपॉक्स के प्रकोप के बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मंकीपॉक्स वायरस (एमपीएक्सवी) के खिलाफ पहली बार बवेरियन नॉर्डिक के टीके को मंजूरी देने की घोषणा की. संशोधित वैक्सीनिया अंकारा-बवेरियन नॉर्डिक या एमवीए-बीएन को 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी वयस्कों में चेचक, एमपॉक्स और संबंधित ऑर्थोपॉक्सवायरस संक्रमण और बीमारी के खिलाफ टीकाकरण के लिए संकेत दिया गया है.



इस टीके को 4 सप्ताह के अंतराल पर 2 खुराक के इंजेक्शन के रूप में दिया जा सकता है. डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा, उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि एक्सपोजर से पहले दी गई एकल खुराक एमवीए-बीएन वैक्सीन लोगों को एमपॉक्स से बचाने में अनुमानित 76 फीसदी प्रभावी है, जबकि 2 खुराक वाली खुराक अनुमानित 82 फीसदी प्रभावी है.

डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस एडनोम घेब्येयियस ने कहा, 'एमपॉक्स के खिलाफ टीके की मंजूरी अफ्रीका में मौजूदा प्रकोप और भविष्य दोनों के संदर्भ में, बीमारी के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है.÷ घेब्रेयसस ने टीकों तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए खरीद, दान और वितरण को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया. इसके अलावा, उन्होंने कहा कि संक्रमण को रोकने, संचरण को रोकने और जीवन बचाने के लिए अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य उपकरणों की भी तत्काल आवश्यकता है.

डब्ल्यूएचओ की मंजूरी तब आई है, जब संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य निकाय ने पिछले महीने अफ्रीका में इसके प्रकोप पर वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था. टीके को मंजूरी के लिए डब्ल्यूएचओ का मूल्यांकन बवेरियन नॉर्डिक की ओर से दी गई जानकारी पर आधारित है. इस वैक्सीन के लिए रिकॉर्ड की नियामक एजेंसी और यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी ने समीक्षा की है. एमवीए-बीएन वर्तमान में 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के लिए नहीं है, लेकिन डब्ल्यूएचओ ने शिशुओं, बच्चों, किशोरों और गर्भवती महिलाओं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में इसके ऑफ-लेबल उपयोग की सिफारिश की है.

# 2025 में वाहनों के आयात पर लगा बैन हटाएगा श्रीलंका

नई दिल्ली। श्रीलंका फरवरी 2025 तक चरणबद्ध तरीके से देश में सभी वाहनों के आयात पर लगे प्रतिबंध को हटाएगा। बता दें कि श्रीलंका सरकार की तरफ से अर्थव्यवस्था में सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयासों में ये एक अहम हिस्सा है।श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के कार्यालय की तरफ से शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) कार्यक्रम से जुड़ी व्यापक आर्थिक सुधार रणनीति के हिस्से के रूप में 1 अक्टूबर से तीन चरणों में वाहनों के आयात पर लगे प्रतिबंध को हटाया जाएगा।

# टीम इंडिया का गेंदबाजी कोच बनना मेरे लिए खास पलः मोर्ने मोर्कल



नई दिल्ली। भारतीय पुरुष टीम के गेंदबाजी कोच बनने के बाद मोर्ने मोर्कल ने अपने पिता के साथ हुई बातचीत के बारे में खुलकर बात की।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने बांग्लादेश टेस्ट से पहले अभ्यास शुरू कर दिया है। टीम इंडिया के साथ मोर्ने मोर्कल भी बतौर गेंदबाजी कोच जुड़ चुके हैं।

मोर्ने मोर्कल, जिन्होंने आधिकारिक तौर पर एक सितंबर को अपना पद संभाला था, ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के सहयोगी स्टाफ में शामिल होने पर अपनी खुशी और सम्मान की भावना भी साझा की, जो उनकी कोचिंग यात्रा में एक बड़ी उपलब्धि है।

इस पूर्व तेज गेंदबाज का दक्षिण अफ्रीका के साथ 2006 से 2018 तक 12 साल का प्रभावशाली करियर रहा, जिसमें उन्होंने सभी प्रारूपों में 247 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और 544 विकेट लिए। भारतीय टीम के साथ उनका पहला काम बांग्लादेश के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज होगी, जो 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होगी। टेस्ट सीरीज मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जहां भारत स्टैंडिंग में शीर्ष पर है जबकि बांग्लादेश पाकिस्तान में 2-0 की शानदार सीरीज जीत के बाद चौथे स्थान पर है।

*हाथ जोड़कर मनाती रहीं ममता...*

कहीं भी और कभी भी मुख्यमंत्री के साथ बैठक करने को तैयार हैं। हम आज दोपहर उनकी यात्रा का स्वागत करते हैं। यह एक बहुत ही सकारात्मक कदम है। हमने राज्य सरकार को एक मेल भेजा है। इसके मद्देनजर ममता बनर्जी ने डॉक्टरों को आज शाम छह बजे अपने आवास पर मिलने बुलाया।

*चीनी कंपनी में लगा...*

अल्वारेज़ एंड मार्सल, सेम्बकॉर्प, विसु लीजिंग या आईसीआईसीआई बैंक से जुड़ी किसी भी फाइल को नहीं निपटाया। हालांकि यह प्रतिक्रिया तब आई जब बुधवार को हिंडनबर्ग रिसर्च ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सेबी प्रमुख कई सप्ताह तक पूरी तरह से चुप रहे, जबकि कई संस्थाओं ने नए चार्ज लगा दिए हैं।

*सीतारमण से कारोबारी ने माफी ...*

वहीं दूसरी तरफ, जब कोई अरबपति मित्र नियमों को तोड़ता है, कानून ताक पर रखता है या राष्ट्रीय संपत्ति हासिल करना चाहता है, तो मोदी जी रेड कार्पेट बिछा देते हैं। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि श्रीनिवासन का मजाक बनाया गया, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह घटना वित्त मंत्री के अहंकार को दिखाती है।

तमिलनाडु भाजपा ने माफी मांगी- तमिलनाडु के बीजेपी चीफ के. अन्नामलाई ने श्रीनिवासन से माफी मांगी है। अन्नामलाई ने कहा कि यह पार्टी पदाधिकारियों की गलती है कि उन्होंने वित्त मंत्री और रेस्तरां मालिक के बीच निजी बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया। वह भाजपा की ओर से माफी मांगते हैं। वहीं, बीजेपी नेता वनती श्रीनिवासन ने स्पष्ट किया कि श्रीनिवासन को बीजेपी ने माफी मांगने के लिए मजबूर नहीं किया था।

0 निर्मला सीतारमण बोलीं- टैक्स पर सवाल पूछना पसंद नहीं- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि लोग टैक्स पर सवाल करते हैं, ये बात मुझे बिलकुल पसंद नहीं है। सीतारमण ने कहा, 'लोग सवाल पूछते हैं कि इतने सारे टैक्स क्यों हैं, ये बात मुझे बिलकुल पसंद नहीं है। मैं चाहती हूं कि टैक्स को

# प्रथम पेज का शेष

जीरो पर लेकर आऊं, लेकिन देश के सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं। उसके लिए फंड की जरूरत है।'

*रिटायरमेंट के एक साल...*

जिसके बाद अब याचिकाकर्ता को रिटायरमेंट तक कोरबा नगर निगम मेंअपनी सेवाएं दे सकेंगे।

0 काम में आसानी हो इसलिए बनी पॉलिसी - अधिकारी या कर्मचारी रिटायरमेंट के पहले जिस जगह पर कार्यरत हैं उनको वहीं रिटायरमेंट पूरा करने की छूट शासन ने दी है। इसके पीछे सेवानिवृति के बाद रिटायरमेंटल ड्यूज, पेंशन प्रकरण सहित अन्य भुगतान में किसी तरह की कोई दिक्कत का सामना ना करना पड़े। सेवावधि के अंतिम दिनों में कर्मचारी जहां से वेतन का प्राप्त करते है, वहां पेंशन सहित रिटायरमेंटल ड्यूज के सभी काम आसानी के साथ पूरा कर लिया जाता है।

*बारामूला मुठभेड़ :....*

सेना अधिकारी ने कहा कि जब संयुक्त दल और कॉलम घेराबंदी करने कर रहे थे, तो वहां एक इमारत में छिपे आतंकवादियों ने रात करीब 11.15 बजे गोलीबारी शुरू की। अधिकारी ने कहा, मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया। घेराबंदी कड़ी कर दी गई और अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए। आतंकवादियों ने रात भर हमारे सैनिकों पर भारी गोलीबारी जारी रखी, जिसका प्रभावी ढंग से जवाब दिया गया। अभियान सुबह तक जारी रहा और हमारे सैनिकों ने बहुत ही पेशेवर तरीके से आतंकवादियों से मुकाबला किया तथा नागरिकों की जान या संपत्ति को कोई नुकसान पहुंचाए बिना उन्हें मार गिराया।÷ उन्होंने कहा कि अभियान में तीन कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया गया और बड़ी मात्रा में युद्ध जैसे सामान बरामद किए गए हैं। आतंकवादियों की पहचान की हालांकि पुष्टि अभी तक नहीं हुयी है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि उनमें से दो पाकिस्तानी नागरिक हो सकते हैं।

*सीबीआई ने संदीप घोष और ...*

मुख्य सचिव मनोज पंत और अन्य अधिकारियों ने बैठक समाप्त होने के बाद वापसी की। राज्य सरकार की ओर से इस मुद्दे पर अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

सीएम आवास पर डॉक्टरों और मुख्यमंत्री की बैठक- इससे पहले पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में जारी गतिरोध का समाधान निकालने के लिए आज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और आंदोलनकारियों के बीच बैठक की खबर आई। शनिवार को सीएम ममता बनर्जी प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों से मिलने स्वास्थ्य भवन पहुंचीं। इस मुलाकात के बाद डॉक्टरों ने सीएम कार्यालय को एक भेजा और बैठक के लिए समय मांगा। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों को आज शाम छह बजे अपने आवास पर मिलने बुलाया। डॉक्टरों का प्रतिनिधि दल इस बैठक के लिए ममता बनर्जी के आवास पर पहुंच चुके हैं। डीजीपी राजीव कुमार, प्रधान सचिव, स्वास्थ्य सचीव भी इस बैठक में शामिल होने पहुंचे।

ममता बनर्जी के आगमन पर प्रदर्शनकारी का बयान- प्रदर्शन स्थल पर ममता बनर्जी से मिलने के बाद वहां मौजूद डॉक्टर आरिफ ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, ÷ममता बनर्जी हमारे प्रदर्शन स्थल पर आई थी। हमें यह जानकार खुशी हुई कि बातचीत के लिए द्वार दोनों तरफ से खुल गए। इसके लिए हमने सीएम कार्यालय को एक मेल भेजा है, जिसमें हमने लिखा कि आपके आने से हम खुश हुए। हमें यकीन है कि हमें यकीन है कि आप पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट द्वारा संबोधित पांच सूत्री मांग पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। हम भी चर्चा के लिए तैयार हैं। वे जब भी हमें बुलाएंगी, हम जाने के लिए तैयार हैं।

मृतक डॉक्टर की मां ने की मीडिया से बात- मुख्यमंत्री और डॉक्टरों की बैठक से पहले मृतक डॉक्टर की मां ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि सीएम जूनियर डॉक्टरों की पांच मागों को मान लें और समाधान खोजे। मैं देख रही हूं कि प्रशासन, पुलिस प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग सभी इसमें दोषी हैं। जूनियर डॉक्टरों को सबसे ज्यादा परेशानी है। हम उनसे बात करके और उनकी मांगें मानकर जल्द समाधान चाहते हैं।

# फाइनल में नीरज ने की अच्छी शुरुआत



नई दिल्ली। भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ब्रुसेल्स में जारी डायमंड लीग के फाइनल में भाग ले रहे हैं। उन्होंने पहले प्रयास में 86.82 का श्रेष्ठ थ्रो किया और दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उनसे पहले ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 87.87 के श्रेष्ठ थ्रो के साथ शीर्ष पर हैं। पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता दूसरे स्थान के सिलसिले को तोड़ने के लिए उतरे हैं। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार 11¬52 बजे से शुरू हुआ है। अगर नीरज इस पहले स्थान पर रहते हैं तो डायमंड लीग का खिताब अपने नाम कर लेंगे।

## दूसरे स्थान के सिलसिले को तोड़ने पर रहेगी नीरज की नजरें

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण के बाद पेरिस में रजत पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा डायमंड लीग के सत्र का समापन जीत के साथ करना चाहेंगे। नीरज 14 अंक लेकर चौथे स्थान के साथ फाइनल में पहुंचे हैं। वह दोहा और लुसाने में दूसरे स्थान पर रहे थे। नीरज पेरिस ओलंपिक में भी दूसरे स्थान पर रहे थे और अब उनकी कोशिश डायमंड लीग फाइनल में पहले स्थान पर रहकर खिताब जीतने की है। डायमंड लीग के विजेता को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए वाइल्ड कार्ड भी दिया जाता है।

## लुसाने में दूसरे स्थान पर रहे

इससे पहले उन्होंने लुसाने डायमंड लीग में भाग लिया था। इसमें वह दूसरे स्थान पर रहे थे। नीरज लुसाने में अपनी लय में नहीं दिखे और लगातार एंडरसन पीटर्स से पीछे रहे। नीरज शुरुआती चार प्रयास में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके थे और चौथे स्थान पर चल रहे थे, लेकिन पांचवें प्रयास में उन्होंने दम दिखाया और शीर्ष तीन में जगह बनाई। हालांकि, अंतिम प्रयास में नीरज ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 89.49 मीटर का श्रेष्ठ थ्रो किया और वह दूसरे स्थान पर रहे और डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया था।

## डायमंड लीग में पहले भी नीरज बिखेर चुके जलवा

नीरज चोपड़ा पहले भी डायमंड लीग में भारत का झंडा गाड़ चुके हैं। उन्होंने 2022 में 88.44 मीटर के थ्रो के साथ फाइनल जीता था। इसी के साथ वह डायमंड लीग का फाइनल जीतने वाले पहले भारतीय बने। वहीं, 2023 में वह दूसरे स्थान पर रहे थे।

# न्यायाधीशों ने स्कूली बच्चों को दी कानूनी जानकारी

खैरागढ़ (दावा)। शा. उच्चतर माध्यमिक शाला बढ़ईटोला में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन अध्यक्ष सुषमा सावंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें जिला व अपर सत्र चन्द्र कुमार कश्यप, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक गर्ग, जुडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास गुरु प्रसाद देवांगन, पैरालीगल वालंटियर गोलूदास साहू व प्राचार्य चंद्रभान साहू साहू सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। आजकल बढ़ते हुए नाबालिग लड़कियों के साथ हो रहे अपराध को देखते हुए जगह-जगह न्यायालय की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें न्यायाधीश चन्द्र कुमार कश्यप की ओर से बालक बालिकाओं को बताया गया कि यदि उनके साथ में कोई गलत व्यवहार करता है, जो उन्हें पसंद नहीं आता।



गलत व्यवहार करने वालों से डरे नहीं, खुलकर विरोध करे और ना कहना सीखें - डीजे श्री कश्यप

कोई गलत तरीके से उन्हें स्पर्श करता है, अश्लील बातें करता है, गंदे चित्र दिखाता है या फिर कोई अपने शरीर के अंग दिखा कर उनके साथ गलत हरकत करता है, तो वह चुप ना रहे। गलत होने पर ना कहना सीखे। जिस प्रकार यदि आपको कोई मारता है तो आप जोर से चिल्लाते हैं। उसी प्रकार यदि आपके साथ गलत हरकत होता है तो आप जोर से ना कहना सीखें। आपके साथ गलत व्यवहार होने पर यह बात आप अपने परिवार, अपने शिक्षक से नहीं छिपाए। यदि कोई आपका मित्र है तो उसे बताएं और वह मित्र शिक्षक तक यह बात पहुंचाए। डरे नहीं, यदि आप डरते हैं इस बात को छुपाते हैं तो आगे चलकर आपके साथ कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है। स्कूल में उनके साथ में कोई गलत व्यवहार तो नहीं होता।

उन्हें किसी प्रकार का टॉर्चर तो नहीं किया जाता। न्यायाधीश द्वारा स्कूल का निरीक्षण किया गया। प्राचार्य से शाला के बारे में पूछा गया बच्चियों के उनके माता-पिता से स्कूल मीटिंग कब कराई जाती है।उनके पढ़ाई के विषय में जानकारी पूछा गया । सीजेएम विवेक गर्ग ने छात्राओं को मोटरयान दुर्घटना, एफआईआर करने की प्रक्रिया, अधिकार के साथ साथ दायित्वों के निर्वहन के बारे में छात्राओं को विशेष जानकारी दी। जुडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास गुरु प्रसाद देवांगन ने बच्चों को कैरियर गाइडेंस के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही संविधान के बारे में बताएं। पैरा लीगल वॉलंटियर गोलू दास साहू की ओर से बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया गया और उन्हें कहा गया कि यदि आपके साथ किसी भी प्रकार की कोई हरकत होती है, तो वह चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर कॉल कर सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन पीएलबी गोलूदास साहू ने और आभार प्राचार्य चंद्रभान साहू ने व्यक्त किया।

# सड़कों की दुर्दशा के जिम्मेदार पीडब्ल्यूडी विभाग व भाजपा सरकार - मदन साहू

राजनांदगांव (दावा)। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने अपने एक जारी बयान में कहा कि राजनांदगांव से डोंगरगांव रोड स्टेट हाईवे और डोंगरगांव से मचान पर होते हुए तुमड़ीबोड़ की दुर्दशा के लिए लोक निर्माण विभाग और भाजपा की सरकार जिम्मेदार है। आम राहगीरों हो रही तकलीफ उन्हें समझ में नहीं आ रही है और कांग्रेस आम आदमी के दुख दर्द को समझ रही है। यदि 15 दिन के अंदर इन सड़कों को नहीं सुधरा गया तो कांग्रेस आम जनता को सामने रखकर उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगी।



जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू का आरोप

श्री साहू ने आगे कहा कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों सहित जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी लंबे समय से राजनांदगांव से डोंगरगांव और राजनांदगांव से तुमड़ीबोड़ स्टेट हाईवे की मरम्मत सुधार के लिए गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं। शायद उन्हें गंभीर दुर्घटनाओं की ही प्रतीक्षा है। इस मार्ग पर कई जानलेवा गड्ढे हो गए हैं। आते-जाते लोग आए दिन हिचकोले खा रहे हैं और छोटी-मोटी दुर्घटना भी घटित हो रही है। इस राज्य मार्ग से होकर कई नेता मंत्री और अधिकारी अक्सर कहीं आते जाते रहते हैं, फिर भी सड़क दुरुस्त करने के लिए कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। इस मार्ग पर फरहद चौक पर बड़े गड्ढे विगत कुछ वर्ष से बने हुए हैं। वहां पर भी बड़ा गड्ढा है। जिसकी सरिया का जाल दिखाई दे रहा है। जैसे ही यह रपटा पुल पार करें खतरनाक मोड़ आने के साथ डोंगरगांव विकासखंड लग जाता है। दरअसल वहां पर साइड फीलिंग लंबे समय से नहीं हो पाई है और वहां पर मुरूम भरकर बेलन चलाई जाने की जरूरत है। इनके अलावा इस मेन रोड पर और भी कई गड्ढे बने हुए हैं। लेकिन मेन रोड पर जो छोटे ही सही खतरनाक गड्ढे बने हुए हैं। इसमें लगे ऐसे कई गांव जैसे कि कोपेडीह से अलीखूटा, आरगांव, बोदेला पहुंच मार्ग के भी शिकायत लगातार ग्रामीण जन कर रहे हैं। कलेक्टर जन दर्शन में भी शिकायत किया गया है। उन पर भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई है। अगर यही हाल रहा तो किसी रोज बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा आज, जिले में 19 परीक्षा केन्द्र निर्धारित

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा दिनांक 15 सितंबर दिन-रविवार को आयोजित छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द टीएचएस 24 भर्ती परीक्षा 2024 हेतु जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी में 19 परीक्षा केंन्द्र बनाया गया है। उक्त परीक्षा में परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त करने हेतु कन्ट्रोल रूम कार्यालय कलेक्टर (परीक्षा शाखा) मोहला-मानपुर-अं.चौकी में स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में धर्मेन्द्र सारस्वत प्राचार्य मो.- 9479228363, भुपेन्द्र मिश्रा व्याख्याता, मो.- 8889323979, दीपक कुमार गोआर्य सहा.ग्रेड-3, मो.- 9993558952 की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षार्थी कंट्रोल रूम में संपर्क कर परीक्षा केन्द्र से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## आदतन बदमाशों पर चिखली पुलिस ने कार्यवाही

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के बदमाशों पर कार्रवाई की है और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जाता है कि इन बदमाशों के खिलाफ चोरी, मारपीट, आर्म्स एक्ट, छेड़छाड़, आबकारी एक्ट के अनेक अपराध है। इनमें से एक पूर्व जिला बदर व अवैध वसुली का फरार आरोपी था जिसे गिरफ्तार किया गया है। वहीं अशांति फैलाने वाले बदमाश पर कार्यवाही किया गया है।

चिखली प्रभारी नरेश कुमार बंजारे ने बताया कि शनिवार 14 सितंबर को प्रार्थी द्वारा चौकी चिखली आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि शुक्रवार 13 सितंबर की रात्रि मे दीनदयाल नगर कालोनी मे तुलसी शर्मा व सुधीर नायडू द्वारा शराब पीने के लिए पैसो का मांग रहे थे मना करने पर मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार कर कुल्हाड़ी लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किये है। उक्त रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2), 119(1), 3(5) भा.ना.सं. का अपराध दर्ज कर मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में टीम गठित कर पतासाजी किया जा रहा था कि दोनो आदतन बदमाशो की दीनदयालनगर कालोनी चिखली मे छिपने की पुख्ता सूचना पर घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी सुधीर नायडू पिता गप्पू नायडू उम्र 18 साल निवासी अटल अवास दीनदयालनगर व तुलसी शर्मा पिता गणेश शर्मा उम्र 24 साल निवासी अटल आवास दीनदयाल नगर चिखली को पकड़ा गया। आरोपियो से कड़ाई से अपराध स्वीकार कर मेमोरेण्डम कथन अनुसार आरोपी सुधीर नायडू के निषानदेही पर घटना मे प्रयुक्त लोहे का कुल्हाड़ी को जप्त किया गया। आरोपी सुधीर नायडू के विरूद्ध मारपीट, आर्म्स एक्ट व आरोपी तुलसी शर्मा के विरूद्ध छेड़छाड़, रास्ता रोकना, मारपीट, आर्म्स एक्ट अनेक मामले दर्ज है।

इसी प्रकार शनिवार 14 सितंबर को ही ग्राम बोरी के पान ठेला मे प्रार्थी से चिखली के नागेश साहू अपने दोस्त सागर वाहने, रोनित के साथ डरा धमका कर शराब पीने के लिए अवैध रूप से रूपये पैसो की मांग करने लगे। मना करने पर तीनो एक राय होकर मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, डण्डा से मारपीट कर घायल कर दिया कि रिपोर्ट पर चौकी चिखली मे धारा 296,115, 351 (2), 119(1),3(5) भा.न्या.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था मामले की सूचना वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया था। मामले में आरोपी नागेश साहू को गिरफ्तार किया गया था तथा घटना दिनांक से मुख्य आरोपी शातिर गुण्डा बदमाश सागर वाहने लुका छिपा फरार था जिसे शनिवार को ही मुखबीर की सटीक सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी सागर वाहने पिता स्व. यशवंत वाहने उम्र 33 साल निवासी चिखली वार्ड नं. 05 को पकड़ा गया। उनसे पूछताछ बाद अपराध स्वीकार करने बाद आरोपी से घटना में प्रयुक्त डण्डा को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व मे चोरी, मारपीट, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम अनेक अपराध दर्ज है। प्रकरण के फरार सह आरोपी का पता तलाश जारी।

## श्रीलंका से संगीत एवं कला की शिक्षा ग्रहण करने पहुंचे विद्यार्थियों से मिले कुलपति



खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में संगीत एवं ललित कला की शिक्षा ग्रहण करने श्रीलंका से पहुंचे नवप्रवेशी विद्यार्थियों से कुलपति व दुर्ग संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने बुधवार 11 सितंबर को मुलाकात की।

इस दौरान डॉ. लिकेश्वर वर्मा इंचार्ज आई.सी.सी.आर. के द्वारा कुलपति से विद्यार्थियों का परिचय कराया गया। जिसके बाद कुलपति ने संगीत की शिक्षा अर्जित करने हेतु विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में संगीत की शिक्षा प्राप्त करने देश के विभिन्न प्रांतों के साथ-साथ विदेश से भी विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। इस अवसर पर योगेन्द्र चौबे विभागाध्यक्ष थियेटर, डॉ. लिकेश्वर वर्मा इंचार्ज आई.सी.सी.आर. व सहायक कुलसचिव राजेश गुप्ता उपस्थित रहे।

## चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ लंबे समय से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करण की मांग को लेकर घेराव तथा प्रदर्शन करते आ रहे आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला खैरागढ़ में कलेक्टर के नाम दिया गया है।



संघ की 7 सूत्रीय मांगों में मोदी की गारंटी के अनुसार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की नियमितकरण किया जाए। श्रम सम्मान की राशि प्रत्येक विभाग में प्रत्येक माह भुगतान किया जाए। जिला कार्यालय के सी जी में कार्यरत राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का डी पी सी गठन कर पदोन्नति की कार्रवाई एवं समयमान वेतनमान दिया जाए। लोक निर्माण विभाग में स्थानांतरित किए गए कर्मचारियों को वापस किया जाए। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला परामर्श दात्री समिति की बैठक समय पर आहूत किया जाए। आदिवासी विकास विभाग में 13 मार्च 2024 एवं 15 मार्च 2024 छत्तीसगढ़ शासन एवं आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण की कारवाई किया जाए तथा नियमित वेतनमान दिया जाए। लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा खैरागढ़ के ज्ञापन क्रमांक 18 दिनांक 29 सितंबर 23 ज्ञापन क्रमांक 21 दिनांक 1/3/24 ज्ञापन क्रमांक 36 दिनांक 1/8 /24 के द्वारा कलेक्टर को प्रेषित किया गया था की की गई कार्रवाई से संघ को अवगत कराया जाए शामिल है।

### जिला मुख्यालय में जंगी रैली निकाली गई

उपर्युक्त मांगों को लेकर 12 सितम्बर को खैरागढ़ जिला मुख्यालय में जंगी रैली निकाली गई। कर्मचारी जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार पर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है। मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है।

रैली में योगेश चौरे संभागीय अध्यक्ष दुर्ग एवं प्रांतीय महामंत्री तथा रघुवीर तिवारी जिला अध्यक्ष के सी जी हरिश्चंद्र यादव जिला अध्यक्ष राजनांदगांव सुरेंद्र यादव जग्गू साहू ब्लॉक अध्यक्ष खैरागढ़ प्रदीप तिवारी कुशल राम आदि मौजूद थे ।

## राज्य स्तरीय कुराश प्रति. में श्रद्धा का चयन

हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के कक्षा ग्यारहवीं वाणिज्य की छात्रा कुमारी श्रद्धा पिता नोहर सिंह का चयन राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता के लिए हुआ है यह प्रतियोगिता 17 से 20 सितंबर तक बलोदा बाजार में आयोजित होगी। श्रद्धा ने अपने चयन का पूरा श्रेय विद्यालय के पीटीआई रीना बोरकर देवांगन को दिया। इस उपलब्धि पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टुमन साहू एवं विद्यालय के प्राचार्य आरके देवांगन ने अभ्यास के लिए मेट और किट की पूरी व्यवस्था करने की बात कही। श्रद्धा के चयन पर विद्यालय की व्याख्याता रेशमी साहू, अजय पाठक एवं समस्त स्टाफ ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।



## हरिशंकर परसाई के जन्मशताब्दी वर्ष पर कार्यशाला का आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। शा. कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ.आर. के. ठाकुर के दिशा निर्देशन में हिंदी विभाग के प्राध्यापक बी.आर. चंद्रवंशी तथा आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. श्रीमती हेमलता गायकवाड़ के संयुक्त तत्वाधान में हरिशंकर परसाई के जन्मशताब्दी वर्ष पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ कोमल सिंह सार्वा सेवानिवृत प्राचार्य दुर्ग, लोकबाबू वरिष्ठ कथाकार, भिलाई उपस्थित थे।



विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर बेहतर पढ़ाई के लिये किया प्रेरित

प्राचार्य द्वारा साहित्यिक कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता तथा वरिष्ठ वक्ता को महाविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत करते हुए महान विभूति श्री परसाई जी के विचारों, रचनाओं, आलेख जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से शोषित एवम पीड़ित व्यक्तियों की समस्याओं को व्यंग्य के माध्यम से समाज के समक्ष लाने में भूमिका जो निभाई थी उनके विचारों को इस कार्यशाला के माध्यम से महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के छात्र मिथिलेश ने परसाई जी के जीवन के प्रारंभिक परिचय के साथ वैष्णव की फिसलन की रचना का संक्षिप्त परिचय दिया। हितेश कुमार तथा अजय कुमार ने हिंदी साहित्य के महान व्यंग्यकार परसाई जी पाठको के मन के अनुकूल लिखते तथा हिंदी साहित्य के दिलीप कुमार कहे जाते थे। मुख्य वक्ता डॉक्टर कोमल सिंह सार्वा द्वारा बताया गया कि परसाई जी अपनी रचनाओं के प्रखर लेखक तथा ऐतिहासिक तथ्यों का आत्मसात करते थे। विभिन्न क्षेत्रों में अपने ज्ञान के बल पर अपने विचारों को समाज के सामने रखने का प्रयास किया। इस प्रकार रचनाओं के माध्यम से सच्चाई को समाज के सामने रखा तथा अपनी विद्या को प्रतिष्ठित किया व उनकी रचना रानी नागफनी की कहानी , भूत के पांव पीछे इत्यादि साहित्य लेखन को छात्र छात्राओं को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। परसाई जी के लोकव्याप्ति के गुण ने पूरे समाज के लिए मार्ग प्रशस्त किया। विशिष्ट अतिथि श्री लोकबाबू वरिष्ठ कथाकार अपने व्याख्यान मे कहा परसाई जी सिर्फ व्यंगकार एवम लेखक ही नहीं जनता के हित के लिए मैदान में उतर जाते थे। परसाई जी मुंशी प्रेमचन्द के बाद सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले लेखक थे। उन्होंने परसाई जी को कबीर समकक्ष बताया द्य परसाई जी की जीवन से संबंधित बहुत से घंटनाओ को विद्यार्थियों के सम्मुख रखा। उक्त एक दिवसीय कार्यशाला में श्री मनोहर बोकड़े, श्री अरुण कुमार साहू, श्री मति रीना सलामे, सुश्री सोनल नागवंशी, श्रीमती नम्रता प्रतीक्षा, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, सुश्री कविता यदु, कामिनी वर्मा, प्रीति साहू, रूपेश बांसोड़, हेमंत कंवर, रामधीरज साहू तथा महाविद्यालय के कर्मचारी तथा एम ए हिन्दी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में मना डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र की 126वीं जयंती



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र जी की 126वी जयंती मनाई गई। इस दौरान त्रिवेणी परिसर में स्थापित डॉ. मिश्र की प्रतिमा पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय सहित विभागीय प्राध्यापकों एवं स्नातकोत्तर हिंदी के विद्यार्थियों ने पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने हिंदी विभाग को शुभकामनाएं देते हुए डॉ मिश्र के साहित्यिक अवदान के लिए उन्हें नमन किया।

विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र राजनांदगांव में जन्मे प्रतिष्ठित साहित्यकार थे। उन्होंने राम काव्य पर तीन महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे हैं । वे ऐसे पहले व्यक्ति हैं जिनकी पीएचडी के लिए हिंदी में लिखा गया शोध प्रबंध पीएचडी और डीलिट के लिए स्वीकृत हुआ। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी बिंदु डनसेना एवं आभार प्रदर्शन डॉ. प्रवीण कुमार साहू ने किया। महाविद्यालय के बख्शी सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. नीलम तिवारी, डॉ. गायत्री साहू, डॉ. वीरेंद्र साहू, कौशिक बिशी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## श्री रामदेव पीर बाबा जी का उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मना

डोंगरगढ़ (दावा)। कच्छ गुर्जर गुजराती समाज के द्वारा श्री रामदेव पीर बाबा जी का जन्म उत्सव भाद्र शुक्ल द्वितीय को बड़े धूमधाम से कच्छ गुर्जर गुजराती समाज के भवन में जन्मोत्सव मनाया गया।कच्छ गुर्जर गुजराती समाज द्वारा 32 वर्षों से प्रतिवर्ष उनके उत्सव स्वरूप कार्यक्रम मनाया जा रहा है। जिसमें श्री रामदेव पीर बाबा जी के अवतार एवं लीलाओं का गुणगान करने हेतु हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एक धार्मिक आयोजन कच्छ गुर्जर गुजराती समाज द्वारा किया जा रहा है।

महोत्सव में डोंगरगढ कच्छ गुर्जर गुजराती समाज की महिला पुरुषों और बच्चों के द्वारा श्री रामदेव पीर बाबा के उत्सव को लेकर भव्य कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई।जिसमें शोभा यात्रा शिवलाल भाई टांक के निवास से प्रतिवर्ष की भाती दोपहर 2:30 से प्रारंभ होकर शहर का भ्रमण करते हुए इस वर्ष 6:00 बजे मारवाड़ी धर्मशाला में शोभा यात्रा का समापन किया गया संध्या 6:30 बजे आरती प्रसाद वितरण और रात्रि 7:30 से 9:30 तक महाप्रसादी भंडारा का आयोजन मारवाड़ी धर्मशाला में किया गया ।।



देर रात्रि तक चला भजन संध्या

भजन संध्या का कार्यक्रम देर रात्रि तक चला

मध्यप्रदेश के बालाघाट से आए हुए कलाकार अंकित शर्मा एवं दीपिका आनंद द्वारा श्री रामदेव पीर बाबा जी के भजनों के साथ साथ मध्य प्रदेश के जबलपुर से आये पुनीत राज द्वारा नित्य एवं झांकी की प्रस्तुति की गई ।कच्छ गुर्जर गुजराती समाज द्वारा अन्य समाज के लोगों को भी इस उत्सव व महाप्रसादी के कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया गया ।उत्सव के एक दिन पहले गुरुवार को कच्छ गुर्जर गुजराती समाज की महिला पुरुष व बच्चों के द्वारा रास-गरबा के पारंपरिक गीत,सनोड़ो, भजन के साथ संपन्न हुआ ।उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज भवन में सुबह से श्री रामदेव पीर बाबा की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा की तैयारी की गई साथ ही शाम के होने वाले अन्य कार्यक्रमो की रूप रेखा तैयार किया गया।

### अनुसूचित जनजाति सेवक संघ की बैठक संपन्न



गंडई पंडरिया (दावा)। 8 सितंबर को भाठापारा छुईखदान में अनुसूचित जनजाति सेवक संघ छुईखदान द्वारा 29 सितंबर 2024 को राज्य स्तरीय/प्रातीय अध्यक्ष का चुनाव होना है, इस संदर्भ में चर्चा किया गया।

साथ ही जिला स्तरीय महत्वपूर्ण मुद्दो पर भी चर्चा किया गया। ब्लॉक स्तर पर कितने कर्मचारी कार्यरत है उनके नामों की सूची बनाकर प्रस्तुत करने को कहा गया। आगामी समय में अध्यक्ष चुनाव की प्राक्रिया होती है तो सभी की सहभागिता रहे।

## स्वामी ब्रह्मानंद की पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण



देश की आजादी और शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान रहा स्वामी ब्रम्हानंद जी का - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़(दावा)। स्वामी ब्रह्मानंद जी की पुण्यतिथि के अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने चौथना मुक्तिधाम पर वृक्षारोपण कर उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा, स्वामी ब्रह्मानंद जी का देश की आजादी के आंदोलन और शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान रहा है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है, और उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज और देश की सेवा करने का हमें संकल्प लेना चाहिए।

वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान विष्णु लोधी ने कहा, पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्षारोपण न केवल हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु सुनिश्चित करेगा, बल्कि स्वामी ब्रह्मानंद जी के बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दर्शाता है।

विष्णु लोधी ने कहा, स्वामी ब्रह्मानंद जी ने हमेशा शिक्षा, सामाजिक एकता और राष्ट्र निर्माण पर जोर दिया। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज के विकास और समृद्धि के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।





























स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com